City 24 News
शहर आपका, खबर आपकी
ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर वर्ष 2, अंक 37 पेज 8 बुधवार 07 फरवरी, 2024 संपर्क: 9818180269
www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media

# राव इंद्रजीत की मांग पर गडकरी ने दिए ने दिए द्वारका एक्सप्रेसवे खोलने के निर्देश

### हीरो हौंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक एलिवेटेड रोड व खिड़की दौलत टोल शिफ्ट करने को लेकर हुई चर्चा



**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक कर गुरुग्राम हिस्से के द्वारका एक्सप्रेसवे को खोलने की मांग की। उन्होंने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे के गुरुग्राम हिस्से का कार्य पूरा हो चुका है और इसे यातायात के लिए खोल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली हिस्से का कार्य पूरा होने में भी चार-पांच माह और लगा सकते हैं ऐसे में गुरुग्राम के हिस्से को खोलकर गुड़गांव के लोगों को राहत दे देनी चाहिए। श्री गडकरी ने इस पर सहमति जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की गुरुग्राम हिस्से में बने द्वारका एक्सप्रेसवे कोई यातायात के लिए खोल दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जल्द ही एक्सप्रेस वे का दौरा कर इसे यातायात के लिए खोल दें।

राव ने गडकरी से मुलाकात के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर चर्चा की ओर देरी से चल रही योजनाओं को जल्द से पूरा करने की मांग की। केंद्रीय मंत्री ने गडकरी से गुड़गांव के हीरो हौंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक तक एलिवेटेड रोड बनाने की चर्चा करते हुए कहा कि 2017 के नोटिफिकेशन के अनुसार हीरो हौंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक एनएचएआई का भाग था लेकिन उसके बावजूद अधिकारियों ने इसको एलिवेटेड बनाने के स्थान पर डी स्कोप कर दिया। राव ने कहा कि दिसंबर 2022 को आपके साथ हुई मीटिंग में भी इस रोड को एलिवेटेड बनाने पर सहमति व्यक्त की गई थी और इस पर होने वाले खर्च का वहन एनएचएआई से करने पर सहमति बनी थी। राव ने गडकरी को बताया कि प्रगति की बैठक में नहीं के अधिकारियों ने इस लिंक को डी स्कोप कर दिया है जो की नीतिगत नहीं है।

राव ने गडकरी को 2017 का नोटिफिकेशन दिखाया गया जिसमें इस रोड को एनएचएआई का भाग माना गया है। गडकरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस रोड को पुराने नोटिफिकेशन के अनुसार एनएच का पार्ट माना जाए और इसे एलिवेटेड बनाने की योजना तैयार की जाए। बैठक में मौजूद जीएमडीए के अधिकारियों ने कहा कि हीरो हौंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक तक भूमि अधिग्रहण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अतिक्रमण भी तेजी से हटाया जा रहा है। जीएमडीए के अधिकारियों ने गडकरी को बताया कि यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से ही किया जाता है जबकि राशि जीएमडीए की ओर से जमा कर दी जाएगी।

खेड़की दौला टोल प्लाजा को हटाने की चर्चा करते हुए राव ने गडकरी से कहा कि टोल के लिए समय अवधि पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी टोल शिफ्ट करने के लिए दूसरी जगह देने को तैयार है इसलिए टोल को जल्द से जल्द शिफ्ट किया जाए। गडकरी ने राव को बताया कि टोल वसूली के लिए नई योजना तैयार की गई है और जल्द ही टोल प्लाजा को हटा दिया जाएगा। गुरुग्राम -रेवाड़ी -पटौदी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण में हो रही देरी पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि कंपनी निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है और निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि कंपनी के साथ बैठक कर निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और जुलाई तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। राव ने बैठक में गडकरी से नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन डीपीआर को जल्द फाइनल रूप देने ,पचगांव चौक ,राठीवास चौक व सालावास चौक पर अंडरपास का काम जल्द शुरू करने की भी चर्चा की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों सहित जीएमडीए के इंफ्रा एडवाइजर राकेश मनोचा, चीफ इंजीनियर इंफ्रा अरूण धनखड़, चीफ इंजीनियर राजेश बंसल, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता प्रदीप चौधरी व एक्शन विकास मलिक सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# जन संवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : मनोहर लाल

### सिविल कार्यों के अनुमान तैयार करने हेतु कनिष्ठ अभियंताओं की सहायता के लिए सिविल इंजीनियरिंग कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को जोड़ा जाए- मुख्यमंत्री



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जन संवाद कार्यक्रम के दौरान फील्ड से लोगों द्वारा लिखित में दी गई शिकायतों का पंजीकरण जन संवाद पोर्टल पर करें और श्रेणीवार इनका शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री आज यहां जन संवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विकास एवं पंचायत तथा उच्चतर शिक्षा विभाग से सम्बनधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास एवं पंचायत विभाग से सम्बनधित अधिकतर मामले इंजीनियरिंग वर्कस से जुड़े हैं, इसलिए अनुमान तैयार करने के लिए राजकीय विश्वविद्यालयों व बहुतकनीकी संस्थानों में सिविल इंजीनियर कर रहे अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को कनिष्ठ अभियंताओं के साथ जोड़ा जाए, ताकि कनिष्ठ अभियंताओं को अनुमान तैयार करने में सहयोग मिल सके।


बैठक में जानकारी दी गई कि शीघ्र ही इंजीनियरिंग कार्य से जुड़े विभागों के कनिष्ठ अभियंताओं की सूची विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन उपलब्ध करवा दी जाएगी और तीन दिन में विद्यार्थी कनिष्ठ अभियंता के साथ काम करने के लिए विकल्प दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों की मैपिंग कर श्रेणीवार सूची बनाई जाए। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि विकास एवं पंचायत विभाग से 23,364 विकास कार्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से 2370 तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग से 1281 विकास कार्य सूचीवद्ध हैं। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान शिकायतों के निपटान के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री एके सिंह, बिजली निगमों के चेयरमैन श्री पीके दास, सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टीसी गुप्ता तथा मुख्यमंत्री के सहलाहकार (सिंचाई) श्री देवेन्द्र सिंह को विशेष जिम्मेवारी सौंपी गई है।

इस अवसर पर वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनन्द मोहन शरण, विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनिल मलिक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, उच्चतर शिक्षा के महानिदेशक श्री राजीव रत्तन, हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद के चेयरमैन श्री कैलाश चन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपसथित थे।

# कांग्रेस के लोग शालीनता भूल गए हैं और हिंदू धर्म पर कटाक्ष कर रहे हैं : गृह मंत्री अनिल विज

### हुड्डा खुद ईडी की पेशी भुगत रहे हैं और दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं : अनिल विज

### केजरीवाल रंगिया गीदड़ निकले, इन्होंने पहले कोई और चोला डाला था, अब असल चेहरा सामने आ रहा है : विज



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग शालीनता भूल गए हैं और हिंदू धर्म पर कटाक्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भगवान श्रीराम को किसी जाति, धर्म व वर्ग में न बांटे, राम सभी के हैं। गृह मंत्री अनिल विज मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री विज ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने बयान कि डमरू बजाने वालों को सत्ता में बिठाया है और कुमारी सैलजा के बयान कि भगवान राम कब से भाजपा व आरएसएस के हुए, पर तीखी प्रतिक्रिया दी। श्री विज ने कांग्रेस पर भड़कते हुए कहा है कि कांग्रेस के लोग शालीनता भूल गए है और किसी न किसी तरह से हिन्दू धर्म पर कटाक्ष कर रहे है। इनका मकसद हिंदू धर्म पर कटाक्ष का होता है। मंत्री विज ने कहा राम तो सभी के है, सारी दुनिया के है कम से कम राम को तो किसी जाति, धर्म से व किसी वर्ग में यह न बांटे। राम तो सबके लिए है और सबके लिए ही राम मंदिर बना है, कांग्रेस पार्टी के लोग इसी से तिलमिलाए हुए है। राम तो सबके है और वह आदर्श पुरुष है।

वही, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयान कि प्रदेश सरकार घोटालो की सरकार है, पर गृह मंत्री अनिल विज ने हंसते हुए कहा कि बड़ी हंसी आती है जब कोई खुद तो ईडी की पेशी भुगत रहा है और दूसरों पर आरोप लगा रहे है। अगर इनके पास कोई तथ्य है तो यह बताएं उस पर कार्रवाई होगी।

**केजरीवाल का असली चेहरा अब सामने आ रहा है : विज**

दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान कि उन्हें चाहे जेल में डाल दो, मगर विकास कार्य चलते रहेंगे पर गृह मंत्री विज ने तंज कसते हुए कहा कि केजरीवाल जी चाहते है कि उनको ईडी जबरदस्ती लेकर जाए और वह हाथ-पैर मारते हुए जाए ताकि उनकी टीआरपी बढ़े। विज ने कहा कि राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने खुद टवीट किया था कि जो नेता कोर्ट के सम्मन से ईडी के बुलाने से नहीं जाता यह उनके खुद के टवीट है, मगर यह (केजरीवाल) तो रंगिया गीदड़ निकले। उन्होंने कहा कि पहले इन्होने कोई और चोला डाला हुआ था लेकिन जैसे जैसे समय के थपेड़े पड़ते जा रहे है इनका असली चेहरा सामने आ रहा है।

**सबको पता है कि अब कांग्रेस आई कांग्रेस गई पार्टी बन गई : विज**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान कि सत्ता में आने पर आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा हटा देंगे पर मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज़ादी के 70 साल बाद तक लगभग इनकी सरकारे रही। जवाहर लाल नेहरू रहे, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी रहे। तब तो कुछ किया नहीं, अब जब इन्होंने आना ही नहीं है। सबको पता है कि अब कांग्रेस आई कांग्रेस गई पार्टी बन गई, तो इस तरह की बातें कर लोगो को गुमराह करने का कोई मतलब नहीं है।

# झूठ व जुमलों की सरकार से मुक्ति चाहता प्रदेश : कुमारी सैलजा

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस संदेश यात्रा पहला चरण पूरा हो चुका है। इस दौरान लाखों लोगों से मुलाकात हुई, हर कोई भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से तंग नजर आया। लोगों ने आगे बढ़कर इनके जनविरोधी कार्यों, घोटालों, घपलों, बढ़ते अपराध, महंगाई, बेरोजगारी पर बात की। सरकार से परेशान हो चुकी जनता अब सिर्फ चुनाव के इंतजार में है और गठबंधन की नकारा इस सरकार से मुक्ति चाहती है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस संदेश यात्रा का अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में जोश के साथ स्वागत किया। लोग इस उम्मीद में यात्रा का हिस्सा बने कि उन्हें डबल इंजन सरकार के कुशासन से कांग्रेस अब मुक्ति दिलाएगी। विभिन्न स्थानों पर बातचीत के दौरान लोगों ने साफ-साफ बताया कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में गहरा अंतर है। जिस तरह के नारे दिए जाते हैं, आचरण उसके एकदम विपरीत है। हरियाणा एक-हरियाणवी एक की आड़ में प्रदेश के लोगों को आपस में लड़ाने के षड्यंत्र समय-समय पर रचने का इतिहास भाजपा ने बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब भी सरकार पर लोग सवाल उठाने की कोशिश करते हैं, तो उनका ध्यान भटकाने के लिए उन्हें ही आपस में लड़वा दिया जाता है। प्रदेश में समान विकास भी कहीं नजर नहीं आता। गांवों व शहरों के बीच की खाई और अधिक बढ़ी है। गांवों में तो सडको पर पैचवर्क तक नहीं किया जाता। लोगों ने गांवों में बिगड़ी हुई स्वास्थ्य सेवाओं व खराब हो रही सरकारी स्कूलों की हालत की भी विस्तार से जानकारी दी।



कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारों की बढ़ती संख्या को लेकर लोग सबसे अधिक चिंतित नजर आए। युवाओं ने उन्हें बिन पर्ची-बिन खर्ची के नारे की हकीकत बताते हुए जानकारी दी कि कितनी भर्तियां अभी कोर्ट में अटकी हुई हैं और 2014 के बाद से कितनी भर्तियों को कोर्ट निरस्त कर चुका है। बाकायदा बताया कि ग्रुप ए की भर्तियों की एवज में बटोरे गए एचपीएससी से करोड़ों रुपये नकद पकड़े जाते हैं, जबकि एचएसएससी में नौकरियां बेचने का भंडाफोड़ होने पर चेयरमैन को कुछ समय के लिए सस्पेंड किया जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अग्निवीर, फसल बीमा, शराब घोटाला, एफसीआई घोटाला, धान-गेहूं-बाजरा-सरसों खरीद घोटाला, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग घोटाला आदि को लेकर जनता में गठबंधन सरकार के प्रति खासा गुस्सा नजर आया। पीपीपी के बहाने गरीबों के लिए चलाई जा रही स्कीमों को बंद करने, बुजुर्गों की पेंशन काटने, जिंदा लोगों को मृत दिखाने, सरकारी स्कूलों को बंद करने, शिक्षकों समेत सरकारी नौकरियों में पद खत्म करने जैसे भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के जनविरोधी कदम भी लोगों ने आपसी बातचीत के दौरान खूब बताए।

**सरकारी स्कूलों को बंद करने का रचा जा रहा है षड्यंत्र: कुमारी सैलजा**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों को बंद करने का षड्यंत्र रच रही है। गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाएं, इसलिए सरकारी स्कूलों में न स्टाफ नियुक्त किया जा रहा है, न ही जरूरी संसाधनों का इंतजाम किया जा रहा है। कितने ही स्कूलों में तो आज तक पेयजल व शौचालय तक नहीं हैं जबकि, एचकेआरएन से भर्ती कर ठेका प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में ताजा पेश शपथ पत्र में राज्य सरकार ने स्वीकार किया है कि पीजीटी व टीजीटी के 27878 पद खाली पड़े हैं। इतने पद खाली होने का खामियाजा इनमें पढने वाले छात्रों को ही भुगतना पड़ता है। साथ ही स्वीकार किया है कि एचकेआरएन के जरिए 3915 टीजीटी व 418 पीजीटी की भर्ती की गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह भर्ती पूरी तरह से अवैध है। यह भर्ती किस तरीके से की गई, क्या नियमावली अपनाई गई, चयन करने का आधार क्या रहा, इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी जा रही है। अपनी गलती को सुधारने की बजाए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिए ठेके पर फिर से शिक्षकों की भर्ती करना चाह रही है। जबकि, प्रदेश में दो-दो भर्ती आयोग पहले से कार्यरत हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि चार साल के अंदर करीब 500 स्कूलों को बंद करने के बाद अब 20 या इससे कम संख्या वाले 1076 सरकारी स्कूलों को मर्ज करने के नाम पर बंद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। एजुकेशन रिपोर्ट 'असर' से खुलासा होता है कि ग्रामीण एरिया के सरकारी स्कूलों की हालत तो अत्यंत दयनीय है। 28 फीसदी स्कूलों में टॉयलेट इस्तेमाल के लायक ही नहीं हैं, जबकि 9 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में पीने के पानी तक का इंतजाम नहीं है। 17.3 प्रतिशत स्कूलों में लाइब्रेरी नहीं है, तो 74.8 प्रतिशत स्कूलों में छोटे बच्चों के सीखने के लिए कंप्यूटर्स की सुविधा भी नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शिक्षकों की कमी के कारण छात्र अब पेड ट्यूशन के भरोसे हैं। जब सरकारी स्कूलों की बिलडिंग सही नहीं होंगी, पेयजल-शौचालय और शिक्षक तक का इंतजाम नहीं होगा तो लोग बच्चों को इनमें दाखिला दिलाना बंद कर देंगे। अनुसूचित जाति से आने वाले पहली से आठवीं कक्षा के छात्रों को दी जाने वाली प्री-मेट्रिक छात्रवृतति को भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पहले ही बंद कर चुकी है।

# 10 हजार पर नहीं, 50 हजार भर्तियां करने पर करेंगे मुख्यमंत्री के नाम का भंडारा : जयहिन्द

### किसी भी तरह की भर्तियों में गड़बड़ी पर जवाब दें सरकार : जयहिन्द

### ईडी और सीडी से वही डरेगा जिसने कांड किए हों : जयहिन्द

### सभी नेताओं का नार्को टेस्ट होना चाहिए : जयहिन्द



**सिटी 24 न्यूज**

**रोहतक।** 6 फरवरी 2024 को HSSC (हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन) ने ग्रुप सी का रिजल्ट निकाला है जिस पर जयहिन्द ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह रिजल्ट लगभग 12 हजार वेकैंसी का आना था लेकिन आया सिर्फ 10 हजार का। जिसमे की मुख्यमंत्री साहब ने यह कहा था कि हम लोकसभा चुनाव से पहले 50 हजार भर्तियां करंगे लेकिन नही की। जयहिन्द ने मुख्यमंत्री जी से अपील करते हुए कहा कि जो यह रिजल्ट निकाला है क्या यह कोर्ट में उलझाने के लिए निकाला है यह रिजल्ट सन्देह के घेरे में है और मुख्यमंत्री जी इस रिजल्ट की पारदर्शिता साबित करें।

जयहिन्द ने कहा बहुत से बच्चो ने उन्हें फोन करके इस रिजल्ट के बारे में बताया कि किस तरह से इस रिजल्ट में टेक्निकल, फैमिली आईडी व भिन्न-भिन्न प्रकार की गड़बड़ है। लगभग सैकड़ो बच्चे हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करने भी गए है और इस रिजल्ट को लेकर कुछ दिन पहले बच्चो ने हिसार व अलग-अलग जगह भी प्रदर्शन किया था। जो 32 हजार ग्रुप सी की वैकेन्सी थी खुद सरकार ने यह कहा था कि इस सबका रिजल्ट हम एक साथ निकलेंगे, लेकिन निकला 10 हजार का। जो सोशल इकोनॉमिक श्रेणी के 2.5 से 5 नंबर बच्चो को मिलते है उसकी हाईकोर्ट ने कल की ही डेट दी थी और आज रिजल्ट निकाल दिया गया तो बहुत से आवेदक इसी दुविधा में है कि किस आधार व किस श्रेणी के तहत यह रिजल्ट निकाला गया है। यहां तक कि खुद चेयरमैन भी यह नही बता पा रहे है कि किस तरह से यह रिजल्ट निकाला गया है। आज इससे अंदाजा लगा सकते है कि जो EWS के आवेदक थे उन्होंने बताया कि उनकी कट ऑफ जनरल श्रेणी से भी ज्यादा पर गयी हुई है। और जनरल श्रेणी में वैकेन्सी खाली है लेकिन EWS के आवेदक जिनके नंबर भी ज्यादा है उनकी वैकेन्सी खाली छोड़ दी गयी है। इस तरह के मामले फायर सर्विसेस व नर्सिंग में ज्यादा आए हुए है।

जयहिन्द ने बताया कि आज से एक साल पहले हमने रोहतक में बेरोजगारों की बारात निकाली थी। उस समय मुख्यमंत्री साहब ने यह कहा था कि जयहिन्द बेरोजगार बच्चो को बहका रहा है और 50 हजार भर्तियाँ 2023 में करने का वादा किया था। अब 2023 जा चुका है, और हमने तो यह तक कहा था कि अगर मुख्यमंत्री साहब 50 हजार भर्तियाँ करते है तो हम मुख्यमंत्री के नाम का भंडारा लगवाएंगे।

**सभी नेताओं का नार्को टेस्ट होना चाहिए : जयहिन्द**

एक पत्रकार साथी के सवाल का जवाब देते हुए ईडी द्वारा जांच होना जयहिन्द ने सही बताया। जयहिन्द ने बताया कि ईडी व सीडी से वही डरेगा जिसने कांड कर रखे होंगे। इस पर जयहिन्द ने एक मुहावरा भी बताया कि साँच को आँच क्या इसका मतलब है कि जिसने कुछ गलत नही किया होगा उसका कोई कुछ नही बिगाड़ सकता। जयहिन्द ने हर पार्टी के सभी नेताओं का नार्को टेस्ट होने की बात कही। हमे न्यायालय पर विश्वास करना चाहिए।

# नवनियुक्त जिला गुरुग्राम भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सैनी का फरुखनगर में भव्य अभिनंदन



सिटी 24 न्यूज

**फरुखनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने अपनी जिला की टीम का विस्तार करते हुए प्रदीप कुमार सैनी को जिला गुरुग्राम भाजपा प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी कडी मे समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता बीरबल सैनी की अगुवाई में फरुखनगर मे उनके कार्यालय पर एक अभिनंदन समारोह आयोजित कर लोगों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए नवनियुक्त जिला गुरुग्राम भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सैनी का फूलमालाओं एवं शाल ओढाकर भव्य तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीरबल सैनी ने

जिला गुरुग्राम भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सैनी को बनाए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सहित भाजपा हाईकमान का आभार प्रकट किया है। वहीं इस अभिनंदन समारोह मे लोगों को संबोधित करते हुए प्रदीप सैनी ने कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी बीरबल सैनी का बहुत बहुत हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बीरबल सैनी समाज के कार्यो मे बढचढकर भाग लेते है और उन्होंने अपनी साफ छवि के कारण लोगों मे अलग ही पहचान बनाई है। इसके अलावा उन्होंने कहा की प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, जिला अध्यक्ष कमल यादव एवं पार्टी आलाकमान ने जो मुझे बड़ी जिम्मेवारी जिला प्रवक्ता बना कर मेरे कंधो पर सौंपी है। उसे मैं कर्तव्यनिष्ठा के साथ ईमानदारी पूर्वक निभाने की प्रयास करूंगा एवं पार्टी की हर पक्ष को मजबूती के साथ रखते हुए उसे प्रखर रूप से प्रमुखता से उठाने का काम करुँगा। साथ ही सरकार की सफलताओं को उजागर करने का प्रयास प्रखर रूप से हर मंच से जनता के सामने रखने का प्रयास करुँगा। पार्टी को मजबूत बनाने की हर संभव प्रयास अपनी ओर करने की प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा तीसरी बार अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति कभी भी उनके कार्यालय पर आकर मिल सकता है। उनकी समस्याओं पर प्रमुखता से गौर करते हुए उन्हें हल कराने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर हुक्म सिंह बहारली बस्ती, विनोद प्रधान, रायसिंह पार्षद, अतर सिंह बाल्मिकी, कंवर थानेदार, प्यारे लाल सैनी, प्रेम सैनी, छोटेलाल, मदनलाल सैनी, जयबीर, तोताराम, त्रिलोक एवं महासिंह सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस सरकार बनने पर पैंशन छह हजार और 300 यूनिट बिजली मिलेगी मुफ्त : रघुबीर तेवतिया

## 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत पूर्व विधायक ने गांवों में किया जनसंपर्क



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत गदपुरी, सोफ्ता, हरफली, सहराला, खंदावली, फिरोजपुर व अगवानपुर आदि गांवों में जनसंपर्क करके सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पूरे जोर-शोर से पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। सभाओं को संबोधित करते हुए रघुबीर सिंह तेवतिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान फरीदाबाद को आगे ले जाने के लिये बहुत से कार्य किए गए। लेकिन मौजूदा सरकार के 9 वर्षों में फरीदाबाद में केवल ना मात्र ही कार्य हुए। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि 9 साल में फरीदाबाद की जनसंख्या तो बढ़ी, लेकिन कोई एक नया कॉलेज नहीं खुला। इतना ही नहीं, सरकार 5 तरफ से फरीदाबाद में टोल वसूल रही है लेकिन यहाँ के लिए कोई काम नहीं कर रही। रघुबीर सिंह तेवतिया ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय बनी मेट्रो जहाँ छोड़ी थी वहीं खड़ी है, उसके आगे बीजेपी-जेजेपी सरकार ने एक नया खंबा नहीं लगाया। उन्होंने कहा कि आज बेरोजगारी में पूरे देश में हरियाणा नंबर 1 है और हरियाणा में फरीदाबाद नंबर 1 पर है क्योंकि यहां के छोटे-छोटे उद्योग बंद हो गये। बेरोजगारी से हताश नौजवान नशे के चंगुल में फंस गए। आज नशे से सबसे ज्यादा मौत हरियाणा में हो रही है। अपराध में हरियाणा टॉप राज्यों में शामिल है। रोज कहीं फिरौती मांगी जा रही है तो कहीं लूट और कत्ल हो रहे हैं। बीजेपी-जेजेपी के भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर रोज एक नया घोटाला उजागर हो रहा है। गरीबों की कॉलोनियों को उजाड़ा जा रहा है लेकिन अरावली की जमीनों को बड़े उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है। अवैध खनन घोटाला, शराब घोटाला, रजिस्ट्री घोटाला, भर्ती घोटाला समेत कई दर्जन घोटाले इस सरकार ने अंजाम दे डाले। फरीदाबाद नगर निगम में 200 करोड़ का घोटाला कर दिया। कागजों पर ही काम हो गया।

रघुबीर सिंह तेवतिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती है। और प्रदेश में अब कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्गों की पेंशन 6000 महीना करने और जिनकी पेंशन काटी गयी है उसे दोबारा शुरु करने का वादा किया। कांग्रेस सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर, कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेगी। हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। गरीब परिवारों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट, मकान बनवाएंगे, बच्चों के लिए स्कॉलरशिप योजना फिर लागू करेंगे और खाली पड़े 2 लाख पदों पर पक्की भर्ती शुरु करेंगे।

# पगड़ी बंधाओ के साथ हुक्का विद सेल्फी से आकर्षित हो रहे पर्यटक

## सूरजकुंड मेले में खूब लोकप्रिय हो रही है हरियाणवी पगड़ी




सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** 37वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में हरियाणवी पगड़ी के प्रति मेला में आने वाले पर्यटकों का पूरा फोकस बना हुआ है। पगड़ी बंधवाने के साथ-साथ हुक्का के साथ सेल्फी लेने के लिए दिनभर पर्यटकों में होड़ सी लगी रहती है। हरियाणा का आपणा घर में विरासत की ओर से जो सांस्कृतिक प्रदर्शनी लगाई गई है, वहां पर पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ के माध्यम से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हरियाणा की पगड़ी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए निदेशक विरासत डा. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की पगड़ी को अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में खूब लोकप्रियता हासिल हो रही है। पर्यटक पगड़ी बांधकर हुक्के के साथ सेल्फी, हरियाणवी झरोखें से सेल्फी, हरियाणवी दरवाजों के साथ सेल्फी, आपणा घर के दरवाजों के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत खूब लोकप्रियता हासिल कर रही है। डा. पूनिया ने बताया कि मेला के दूसरे दिन भारत के उपराष्ट्रपति माननीय जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ भी मेला अवलोकन के दौरान हरियाणवी पगड़ी बंधवा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि लोकजीवन में पगड़ी की विशेष महत्ता है। पगड़ी की परंपरा का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। पगड़ी जहां एक ओर लोक सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी हुई है, वहीं पर सामाजिक सरोकारों से भी इसका गहरा नाता है। हरियाणा के खादर, बांगर, बागड़, अहीरवाल, बृज, मेवात, कौरवी क्षेत्र समेत सभी क्षेत्रों में पगड़ी की विविधता देखने को मिलती है। प्राचीन काल में सिर को सुरक्षित ढंग से रखने के लिए पगड़ी का प्रयोग किया जाता रहा है। पगड़ी को सिर पर धारण किया जाता है। इसलिए इस परिधान को सभी परिधानों में सर्वोच्च स्थान मिला है। पगड़ी को लोकजीवन में पग, पाग, पग्गड़, पगड़ी, पगमंडासा, साफा, पेचा, फेंटा, खण्डवा, खण्डका, आदि नामों से भी जाना जाता है, जबकि साहित्य में पगड़ी को रूमालियो, परणा, शीशकाय, जालक, मुरैठा, मुकुट, कनटोपा, मदील, मोलिया और चिंदी आदि नामों से जाना जाता है। वास्तव में पगड़ी का मूल ध्येय शरीर के ऊपरी भाग (सिर) को सर्दी, गर्मी, धूप, लू, वर्षा आदि विपदाओं से सुरक्षित रखना रहा है, किंतु धीरे-धीरे इसे सामाजिक मान्यता के माध्यम से मान और सम्मान के प्रतीक के साथ जोड़ दिया गया, क्योंकि पगड़ी सिरोधार्य है। यदि पगड़ी के अतीत के इतिहास में झांक कर देखें, तो अनादिकाल से ही पगड़ी को धारण करने की परम्परा रही है। फिलहाल मेला परिसर में आपणा घर में सजी विरासत प्रदर्शनी हर पर्यटक को हरियाणवी संस्कृति का संदेश दे रही है।

# एनआईटी के उत्तम नगर की जनता नरकीय जीवन जीने को मजबूर : धर्मवीर भड़ाना



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** आज आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना एवं जिला सचिव मेहरचंद हरसाना निगम वार्ड नंबर 9 एनआईटी 86 विधानसभा के उत्तम नगर में अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे, वहां पहुंचकर उन्होंने उत्तम नगर के जनता की समस्याएं देखी धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि उत्तम नगर का नाम नरक नगर होना चाहिए उत्तम नगर की गलीयो में सीवर का पानी लबालब भरा हुआ है यहां तक की लोगों के घरों में भी सीवर का पानी घुस जाता है बिजली के स्मार्ट मीटर तो लगे हैं लेकिन कई कई दिन बिजली गुल रहती है कारण यह है कि वहां पर बिजली के खंबे ही नहीं लगे बांस के सहारे बिजली की तारे बिछाई गई है जो आए दिन टूट जाती है और उनकी सुध लेने के लिए बिजली के कर्मचारी कई के दिन बाद वहां पहुंचते हैं और बात करें बिल की तो वह लगातार भेजे जाते हैं यहां तक की एक दिन भी बिल लेट होने पर बिजली काट दी जाती है, उन्होंने यह भी कहा कि बात करें पीने के पानी की तो वह देखने को भी नहीं है, वहां की गुस्साईं जनता ने विधायक को भूत बताया एवं पार्षद को क्षेत्र छोडक़र नया क्षेत्र में जाने की बात भी कहीं, मौके पर विधायक और पार्षद की मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए गए, वहां की महिलाओं ने आज फरीदाबाद के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा की सांसद कम से कम आज के दिन हमें इंसान रुपी जीवन जीने का उपहार ही दे दें, मौके पर उत्तम नगर की महिलाओं ने विधायक एवं पार्षद को खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि अगर वह इस बार वोट मांगने उनके क्षेत्र में पहुंचे तो उनके साथ बहुत बढिय़ा ईलाज करेंगी आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर बढ़ाना एवं मैहर चंद् हरसान ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि अगर आगामी विधानसभा चुनाव एवं पार्षद में आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि जीत करते हैं तो उनकी सारी समस्याओं का जल्द से जल्द निदान किया जाएगा एवं दिल्ली पंजाब की तर्ज पर मुफ्त बिजली मुफ्त शिक्षा और मुफ्त पानी की सुविधा भी दी जाएगी,इस मौके पर सैकड़ों महिलाओं समेत प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, सुभाष बघेल, लोकेश राजपूत, बिट्टू राजपूत , विनोद कुमार, सत्यप्रकाश पंचाल, मनोज कुमार यादव, विवेकानंद झा हरेंद्र, सुरेंद्र मुकेश, भीम सिंह भंडारी, किशोर कुमार शर्मा, प्रभु दयाल, गोपाल सिंह, ओमकार यादव, मनजीत, कलावती, सुनीता, शारदा, हर प्रिया, जसोदा, पूनम, उर्मिला, पुष्पा, संध्या मौजूद रहे।

# विख्यात सूफी गायिका डा. ममता जोशी ने दर्शकों को डूबोया रामधुन में

**कबीर के दोहे...भला हुआ मेरी मटकी फूटी रे, मैं तो पनिया भरन से छूटी रे... से अध्यातमिक हुआ माहौल**

**मंच पर दिखी एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक**



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्त-शिल्प मेले में सोमवार को बड़ी चौपाल की सांस्कृतिक संध्या में देश की विख्यात सूफी और लोक गायिका डा. ममता जोशी ने दर्शकों को रामधुन में डूबोया। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा तथा पर्यटन विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न प्रदेशों की सांस्कृतिक धाराओं का ऐसा संगम दिखाया कि मंच पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक दिखाई दी। संगीत नाट्य अकादमी पुरस्कार विजेता चंडीगढ़ की सूफी और लोक गायिका डा. ममता जोशी ने एक से बढकऱ एक प्रस्तुति दी। होलिया में उड़े रे गुलाल को उन्होंने गुजरात का गरबा टच दिया तो मानो सभी दर्शक रसीले गुजरात की धरती पर पहुंच गए हों और मानो अशविन मास की नवरात्रों का वो गरबा नृत्योत्सव शुरू हो गया हो। सासु पनिया कैसे लाऊं... को उन्होंने हरियाणावी धुन पर गाकर सबको चकित कर दिया। इसके बाद उन्होंने फिल्मी गानों के प्रेम रंग से सबको झूमने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कबीर के कुछ गहन दोहों को एक साथ पिरोया। भला हुआ मेरी मटकी फूटी रे. मैं तो पनिया भरन से छूटी रे.. सुनाकर दर्शकों को संगीत से आध्यात्मिकता की ओर ले गई।

# सूरजकुंड मेले की मैन चौपाल पर कलाकारों ने मचाई धूम

**कलाकारों ने गीत, संगीत व नृत्य के माध्यम से दर्शाई अपनी संस्कृति, तीज त्यौहारो की छवि,**

**वीरों की गौरवगाथा का किया सुंदर वर्णन**



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की मुख्य चौपाल पर देश-विदेश के कलाकारों ने अपने-अपने देश की संस्कृति व तीज त्यौहारो की छवि और वीरों की गाथाओं का गीत संगीत व नृत्य कला के माध्यम से बडा ही सुंदर वर्णन करके धूम मचा रहे हैं। मंगलवार को कलाकारों ने अपने देश की सुंदरता भरे उन रंगों की छवि को बड़ी खूबसूरती के साथ अपने गायन, संगीत तथा नृत्य कला से पेश किया कि चौपाल पर बैठे सभी दर्शक झूमने लगे और कलाकारों के सम्मान में पर्यटकों की तालिया से चौपाल गूंज उठी। गुजरात राज्य के कलाकारों ने गरबा नृत्य की जोरदार प्रस्तुति दी। वहीं एस्टोनिया देश के कलाकारों ने अपने देश की हरियाली व खुशहाली को अपने गीत संगीत के साथ-साथ शानदार नृत्य कला से पेश किया। गुजरात के पोरबंदर नगर से आए लाखन सिंह की टीम ने तलवार रास प्रस्तुत कर लोगों का मन जीत लिया। पुरातन समय में युद्ध अभ्यास के दौरान होने वाली तलवार बाजी के माध्यम से ही तलवार रास की शुरूआत माना जाती है। इसी को लेकर बडी चौपाल पर थीम स्टेट गुजरात के कलाकारों ने तलवार रास का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। पोरबंदर के कलाकार ने वीरों की गौरवगाथा को तलवार रास के माध्यम से बड़ी ही सुंदरता के साथ प्रदर्शित किया। मेडागास्कर देश के कलाकारों ने अपने देश की संस्कृति को रैलीनिवा सॉन्ग द्वारा प्रस्तुत किया तथा कांगो इत्यादि देश के कलाकारों ने अपने गीत, संगीत तथा डांस की शानदार पेशकश से पर्यटकों की वाह-वाही लूटी।

# मोदी ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला बाहर : वोहरा



**भाजपा जिलाध्यक्ष वोहरा की उपस्थिति में फरीदाबाद के सागरपुर में सैकड़ों युवाओं ने ली भाजपा का सदस्यता**

सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा की उपस्थिति में सागरपुर गाँव में राहुल डागर के नेतृत्व में आसपास के कई गाँवों के युवाओं व लोगों ने भाजपा में अपनी आस्था जताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिलि अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने सभी नए सदस्यों का भाजपा में आने पर स्वागत किया और पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर शर्मा मलेरना, अजय डुडेजा एवं राज मदान आदि भाजपा पदाधिकारी और गाँवों के मौजीज लोग उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष वोहरा में कहा कि नए कार्यकर्ताओं के जुडने. से भाजपा संगठन को मज़बूती मिलेगी और संगठन के विस्तार के कार्य को गति मिलेगी। इससे फरीदाबाद जिले में जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुँचाने और लाभार्थियों के साथ जनसंपर्क अभियान को भी गति मिलेगी। जिला अध्यक्ष वोहरा ने उपस्थित सभी नए कार्यकर्ताओं को संगठन की रीती निति और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मोहरपाल, रमेश, किशन, रंजीत सिंह, दिव्यांशु, विशाल, गौरव, पंकज,बादल, प्रताप सुभाष आदि ने अपने साथियों संग भाजपा का दामन थामा। वोहरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश और प्रदेश की जनता लगातार सशक्त हो रही है देश में विकास की रफ़्तार बढ़ी है। विगत 10 सालों में मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जनहितकारी और कल्याणकारी योजनाओं और ग़रीब कल्याण के कार्यों के दम पर देश की 25 करोड़ जनता को गरीबी से बाहर निकाला है। देश की जनता की मोदी में पूरी आस्था है। लगातार लोगों का भाजपा को जॉइन करना जारी है और सभी नये सदस्यों के जुडने. से पार्टी संगठन लगातार मज़बूत होता जा रहा है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के पुरुषार्थ और जनता के विश्वास के दम पर भाजपा पहले से ज़्यादा सीट जीतकर मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएगी। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद राहुल डागर ने कहा कि मोदी देश के ग़रीब पिछड़े युवा और महिला सबके कल्याण की चिंता करने वाले ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जिनके हृदय में देश की जनता बसती है और जनता की सेवा में जिन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया है द्दढ प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी लगातार प्रदेश की जनता को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए हमारे युवा अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे और मोदी-मनोहर को तीसरी बार देश व प्रदेश की बागडोर सौंपकर नया इतिहास रचेंगे।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी लेंगे 16 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** पुरानी पेंशन बहाली, कौशल निगम को भंग करने, ठेका कर्मियों को नियमित करने, निजीकरण पर रोक, बिजली अमेंडमेंट बिल की वापसी,पे कमीशन का गठन,18 महीने के बकाया डीए डीआर का भुगतान आदि मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी 16 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढक़र हिस्सा लेंगे।

यह फैसला मंगलवार को ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन की संपन्न हुई सर्कल कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सर्कल सचिव रामचरण ने की। सर्कल सचिव कृष्ण कुमार कालीरमन द्वारा संचालित इस मीटिंग में इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) व एएचपीसी वर्कर यूनियन के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी,सीसी सदस्य डालचंद,विनोद, यूनिट कमेटी के पदाधिकारी करतार सिंह, दिनेश शर्मा,देवेन्द्र त्यागी, रामकेश साहरण, धर्मेंद्र तेवतिया,भूप सिंह, सुरेन्द्र शर्मा,सुभोद कुमार, सुरेन्द्र खटकड़ आदि मौजूद थे। बैठक में बिजली अमेंडमेंट बिल व स्मार्ट प्रीपेड मीटर के आम उपभोक्ताओं पर पडने. वाले प्रभावों को लेकर 13 फरवरी को सेमीनार का आयोजन करने का फैसला लिया। हड़ताल की तैयारियों को लेकर सभी सब डिवीजन, शिकायत केन्द्रों,सब स्टेशन, डिवीजन व सर्कल में कार्यरत कर्मियों से संपर्क करने के लिए जन संपर्क अभियान चलाने का फैसला लिया गया। इसके लिए 8-9 फरवरी को चारों यूनिटों में कार्यकारिणी की मीटिंग करने का फैसला लिया गया। सर्कल कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी ने कहा कि सरकार व निगम मेनेजमेंट कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली मंत्री के साथ हुए समझौते को भी लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठेका कर्मियों को रेगुलर करने की बजाय हरियाणा कौशल रोजगार निगम में पंजीकृत कर रेगुलराइजेशन के रास्ते को ही बंद कर दिया है। ईईएफआई के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि बिजली अमेंडमेंट बिल पास हुए बिना ही निजीकरण की मुहिम को तेज कर दिया गया है। ठीक चल रहे मीटर को बदलकर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली व आठवें पे कमीशन के गठन से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार पूंजीपतियों को लाखों करोड़ रुपए की राहतें दी जा रही है और दूसरी तरफ आम आदमी के खाने पीने की चीजों पर भी जीएसटी लगा दिया गया है। महंगाई, बेरोजगारी व भूखमरी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश की दस केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एवं कर्मचारी संघों की फेडरेशन के आह्वान पर 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होने जा रही है और संयुक्त किसान मोर्चा ने ग्रामीण भारत बंद करने का फैसला लिया है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से हड़ताल को सफल बनाने आह्वान किया।

# पलवल को टीबी मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** स्वास्थ्य विभाग पलवल द्वारा जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी संदर्भ में आज नागरिक अस्पताल में टीबी के लक्षण एवं रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्षदों ने भाग लिया। नोडल अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि क्षय रोग जिसे आमतौर पर टीबी कहते है। माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु जो कि हमारे फेफड़ों पर असर करता है उसकी वजह से होता है। देश में हर साल लाखों लोग इसके शिकार हो जाते है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी की रोकथाम के लिए टीबी हारेगा,देश जीतेगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने



कहा कि किसी भी व्यक्ति को दो हफ्ते से अधिक खांसी का होना, लगातार बुखार होना, रात में पसीना आना और वजन बढ़ना-घटना आदि टीबी बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आना, वजन घटना, खांसी के साथ खून आए तो इसको नजर अंदाज न करें, बल्कि तुरंत बलगम की जांच कराएं। टीबी रोग निकलता है तो इसकी दवा करें, नियमित दवा खाने से ये रोग ठीक हो सकता है।

# पलवल खेल कूद प्रतियोगिता में 150 लड़के लड़कियों ने भाग लिया

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आज जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के करीब 150 लडक़े व लड़कियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार,योगाचार्य डॉ.रामजीत सिंह,योगाचार्य गुरमेश शात्री भी मौजूद थे। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल विभाग पलवल द्वारा लडक़े व लड़कियों के लिए जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम पलवल में किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान योगा के विभिन्न इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे जैसे ट्रेडिशनल योगासन, आरटिस्टिक



सिंगल, आरटिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर शामिल है। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा। योगाचार्य गुरमेश ने बताया कि जिला खेल विभाग द्वारा योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जोकि अलग-अलग आयु वर्गों 9 से 14, 14 से 18, 18 से अधिक और 28 वर्ष आयु वर्ग में करवाए गए है। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एक हजार, 700 व 500 रुपए नकद इनाम दिया जाएगा। योग खिलाड़ी विधि ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित योग प्रतियोगिता में भाग लिया है।इन प्रतियोगिताओं के प्रत्येक आयु वर्ग से 9 लडक़े व 9 लड़कियों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता ने भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। योग खिलाड़ी प्राची ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया है। सरकार योग को बढ़ावा दे रही है। जिला स्तर पर विजेता खिलाडि़यों को नकद पुरूस्कार दिया जाएगा।

# पलवल में एसटीएफ पुलिस ने 25 हजार रुपए के कुख्यात बदमाश को किया गिरफ्तार

## आरोपी पर अलग अलग थानों में आधा दर्जन मामले दर्ज



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल में हत्या के मामले में फरार चल रहे कुख्यात बदमाश को एसटीएफ की टीम ने देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम रखा गया था। गिरफ्तार बदमाश की पहचान बागपत (यूपी) के नूरपुर मुजविदा निवासी हरेंद्र उर्फ सचिन उर्फ हरसाना के तौर पर हुई है। उसके खिलाफ गाजियाबाद व बागपत थानों में गैंगस्टर एक्ट, हत्या, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में 7 मुकदमे दर्ज हैं। पलवल एसटीएफ इंचार्ज अनिल छिल्लर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की गाजियाबाद पुलिस का इनामी बदमाश हरेंद्र उर्फ सचिन उर्फ हरसाना केएमपी पुल के पास अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। एसटीएफ ने सूचना मिलते ही टीम गठित कर मौके पर दबिश देकर उसको काबू कर लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद हुआ।

कैंप थाना में आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया गया है। एसटीएफ इंचार्ज ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपी हरेंद्र गाजियाबाद में वर्ष 2023 में दर्ज हत्या के मुकदमे में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस आयुक्त ग्रामीण गाजियाबाद की ओर से 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। उसके खिलाफ गाजियाबाद में तीन केस हत्या, हत्या का प्रयास व गैंगस्टर एक्ट, जबकि जिला बागपत में चार केस हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास व धोखाधड़ी के दर्ज है। हरेंद्र एक गैंगस्टर है और उसकी तलाश गाजियाबाद व बागपत पुलिस को काफी समय से थी।

एसटीएफ पलवल की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना गाजियाबाद व बागपत पुलिस को दे दी गई है। फिलहाल आरोपी को एसटीएफ की ओर से कैंप थाना पलवल में दर्ज किए गए आर्म्स एक्ट के केस में कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# पलवल में 1.70 लाख कैश-7 तोले सोना जेवर चोरी: घर को ताला लगा पोते के छठ पूजन में गया था पूरा परिवार





**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल में चोरों ने एक घर से लाखों रुपए कैश और लाखों रुपए के जेवर चोरी कर लिए। परिवार घर को ताला लगातार पोते के छठ पूजन के लिए हथीन गया था। घर लौटे तो घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था।

पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी सीमा के अनुसार, आदर्श कॉलोनी गली नंबर-पांच निवासी महीपाल ने दी शिकायत में।कहा है कि वह अपनी पत्नी के साथ हथीन उपमंडल के छांयसा गांव में भाई के पोते के छठ पूजन के लिए गए थे। लेकिन सुबह जब घर पहुंचा तो मुख्य द्वार पर लगी ग्रिल का ताला टूटा हुआ मिला। जब घर के अंदर गया तो देखा की कमरे व अलमारी खुली हुई थी और तिजोरी का भी ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा हुआ था। महीपाल ने बताया कि दूसरे कमरे में भी बैड पर बिस्तर इधर-उधर पड़े मिले। उन्होंने जब घर के सामान व नकदी को देखा तो गायब थी। उसने शिकायत में कहा कि घर पर 1 लाख 70 हजार रुपए नकद रखे हुए थे। इसके अलावा घर में 7 तोले सोने और एक किलोग्राम चांदी के आभूषण थे, जो सभी गायब थे। घर में चोरी की सूचना उसने किठवाड़ी पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका-मुआयना करने के बाद उसकी लिखित शिकायत पर चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश में जुट गई।

कैंप थाना प्रभारी सीमा यादव का कहना है कि चोरों की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है, जल्द ही चोरों का सुराग लगा कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सूरजकुंड मेला में धूम मचा रही प्रसिद्ध शिल्पकार राजेंद्र बोंदवाल की कृतियां

**आधुनिकता की दौड़ में कलाकृतियों की बढ़ी डिमांड**

**वर्ष 2015 में तत्कालीन राष्ट्रपति से शिल्पगुरू अवार्ड से सुशोभित हो चुके हैं बोंदवाल**

**नार्थ अफ्रीका में भी आईटीआई छात्रों को सिखाए कला के गुर**



**सिटी 24 न्यूज**

**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई दशक से बहादुरगढ़ हरियाणा का विख्यात हस्त शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल का परिवार हस्तशिल्प के क्षेत्र में धूम मचा रहा है। चंदन, कदम और अन्य उमदा किस्म की लकड़ी पर हस्त कारीगीरी में निपुण बोंदवाल परिवार ने पारंपरिक कला को आगे बढ़ाने का काम किया है। 37 वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल की कृतियां मेला देखने आए पर्यटकों पर अनूठी छाप छोड़ रही हैं।

आपको बता दें कि जिला झज्जर के शहर बहादुरगढ के विख्यात शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल को इस बार सूरजकुंड मेले में स्टॉल नंबर-1245 अलाट हुई है, जिस पर दिनभर कला प्रेमियों का तांता लगा रहता है। इस स्टाल पर चंदन और दूसरी लकड़ी से बने लाकेट, ब्रेसलेट, मालाएं, खिलौने, जंगली जानवरों की कृतियां, देवी-देवताओं की आकर्षक मूर्तियां उपलब्ध हैं। मेला में पहुंचे पर्यटक दिल्ली निवासी अशोक वत्स, ओजस्वी, नेहा आदि ने बताया कि बोंदवाल परिवार की स्टॉल पर एक से बढक़र एक कलाकृतियां मौजूद हैं। भारत सरकार द्वारा हरियाणा में अभी आधा दर्जन से ज्यादा शिलपियों को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जा चुका है, इनमें चार पुरस्कार अकेले बोंदवाल परिवार के खाते में हैं। शिल्पकार राजेंद्र बोंदवाल ने बताया कि उनके भाई महाबीर प्रसाद के बेटे चंद्रकांत को साल 2004 में सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि 1979 में उनके भाई महाबीर प्रसाद को, 1996 में उनके पिता जयनाराण बोंदवाल तथा 1984 में राजेंद्र बोंदवाल भी राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हो चुके हैं। वहीं शिल्पी चंद्रकांत को सूरजकुंड मेला प्राधिकरण की ओर से साल 2005 में कलामणि तथा 2009 में कलानिधि पुरस्कार व वन पीस अंडर कट पैरेट बनाने के लिए सम्मानित किया जा चुका है। बकौल राजेंद्र बोंदवाल आज आधुनिकता की दौड़ में कलाकृतियों की डिमांड अकेले भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है।

**लकड़ी के फ्रेम पर चिड़िया व फूल पत्ती बनाने के लिए मिला सम्मान**

सूरजकुंड मेला परिसर में अपनी शिल्प कला का जादू बिखेर रहे प्रसिद्ध शिल्पकार राजेंद्र बोंदवाल वर्ष 2015 में तत्कालीन माननीय राष्ट्रपति से शिल्प गुरू अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं। उन्हें शिल्प गुरू का अवार्ड एक लकड़ी के फ्रेम पर बेहद बारीक कला में चिड़िया व फूल पततियां बनाने के लिए प्रदान किया गया था। इसके अलावा बोंदवाल दो वर्ष के लिए नॉर्थ अफ्रीका भी गए। वहां आईटीआई में छात्रों को लकड़ी की कारीगरी दिखाने के लिए सरकार की ओर से भेजा गया था। वर्तमान में शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल अपनी कृतियों के माध्यम से पर्यटकों को कला से रूबरू करा रहे हैं।

# 37वें सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में दिव्यांगजन पर्यटकों के लिए जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा दी जा रही है विशेष सहायता : डीसी विक्रम सिंह

**कहा, व्हीलचेयर व प्राथमिक उपचार सहायता की है पूर्ण व्यवस्था**

**दिव्यांगजन की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर-8285240120 किया गया है जारी**

**जिला रैडक्रॉस सोसायटी के स्वयं सेवक दिव्यांगजन पर्यटकों को पूरे मेले में घूमने की सुविधा कर रहे हैं प्रदान**




**सिटी 24 न्यूज**

**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह के निर्देशानुसार उनके कुशल मार्गदर्शन में मेला आने वाले दिव्यांगजन पर्यटकों की सहायता के लिए व्हीलचेयर व प्राथमिक उपचार सहायता की व्यवस्था की गई है।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि वीआईपी विजिटर गेट और गेट नंबर-4 के निकट स्टाल नंबर-102ए पर व्हीलचेयर व प्राथमिक उपचार सहायता की व्यवस्था की गई है। जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 37 वें सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में आने वाले दिव्यांगजन पर्यटकों को व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अलावा यदि कोई दिव्यांगजन मेले में अकेले ही घूमने आए है, तो जिला रैडक्रॉस सोसायटी के स्वयं सेवकों द्वारा उन्हें पूरे मेले में घूमाने की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि अब तक पिछले पांच दिनों से कई दिव्यांगजनो को व्हीलचेयर की सहायता उपलब्ध करवाई गई है और इसके साथ-साथ नर्सिंग स्टॉफ द्वारा 67 लोगों को प्राथमिक उपचार की सहायता भी प्रदान की जा चुकी है। दिव्यांगजन की सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर-8285240120 भी जारी किया गया है। यदि किसी भी दिव्यांगजन को व्हीलचेयर की व्यवस्था में कोई दिक्कत या अन्य समस्या आ रही है वह इस नंबर पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। इस पूरे कार्य मे जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के स्वयं सेवक निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**ये स्वयं सेवक दिव्यांगजनों की कर रहे हैं सहायता**

जिला रैडक्रॉस सोसायटी के स्वयं सेवकों में हिमांशु भट्ट, हरेंद्र, रितिक, अनीश, अल्पना, प्रिया, श्वेता व जिला रैडक्रॉस सोसाइटी से विपुल शर्मा और अरविंद शर्मा अपनी सेवाएं दे रहे है।

# 09 से 11 फरवरी तक आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव का तीसरा संस्करण

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला फरीदाबाद में सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य लोकसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करना है। उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के खिलाडि़यों से आह्वान किया है कि प्रत्येक खिलाड़ी इस खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी अवश्य करे। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि यह सांसद खेल महोत्सव आगामी 09 से 11 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस खेल महोत्सव को इस बार अनोखे भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक खिलाड़ी इसमें अपनी हिस्सेदारी करेंगे। सांसद खेल महोत्सव में इस बार विभिन्न प्रकार के 13 खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। ऐसे में खिलाडि़यों की संख्या छह हजार से ज्यादा रखने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए स्थान, नोडल अधिकारी व अन्य व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी। वहीं प्रत्येक खेल के साथ उसकी एसोसिएशन को भी जोड़ा गया है। डी.सी. ने बताया कि इस बार के सांसद खेल महोत्सव में स्मैशिंग वॉलीबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस, शूटिंग वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो, नेशनल कबड्डी, सर्कल कबड्डी, फुटबॉल, कुश्ती, पैरा बैडमिंटन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सांसद खेल महोत्सव से संबंधित अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी https://hudle.in/pages/sansad-khel-mahot-sav-3 लिंक पर क्लिक करें। यह खेल महोत्सव आम लोगों को खेलों के साथ जोडने.का बहुत अच्छा माध्यम है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ी हडल ऐप पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके अलावा खिलाड़ी सेक्टर-12 में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सथित जिला खेल अधिकारी के कार्यालय में भी अपना आवेदन दे सकते हैं।

# संपादकीय

## यूसीसी पर बड़ी पहल

उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी है, यह चार दिनों के विशेष सत्र में आसानी से पारित भी हो जाएगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद समान आचार संहिता (यूसीसी) लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। असम और गुजरात जैसे राज्य भी उत्तराखंड वाले मॉडल पर ही समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं।

**लंबा इंतजार :** यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रहीं हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। इसे व्यवहार में लाने पर अगर असहमति रही तो उसका आधार यह था कि किसी समूह को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसे उसकी आस्था या संस्कृति से जबरन अलग किया जा रहा है।

**उपयुक्त माहौल :** लेकिन पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। बीजेपी लंबे वक्त से इसकी मांग करती आई है और इधर उसने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। वहीं, न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता।

**प्रावधानों पर सस्पेंस:** हालांकि उत्तराखंड सरकार इस पर धीरे-धीरे ही आगे बढ़ी है, लेकिन चूंकि जस्टिस रंजना देसाई की अगुआई वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई और रविवार को कैबिनेट की मंजूरी दे दिए जाने के बाद भी मीडिया को औपचारिक तौर पर जानकारी नहीं दी गई, इसलिए, इसके प्रावधानों को लेकर थोड़ा सस्पेंस बना हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, संदेह दूर हो जाएंगे।

**लिव इन का रजिस्ट्रेशन :** अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। हां, लिव इन रिश्तों के बारे में पहले से जानकारी देने और रजिस्ट्रेशन कराने की अनिवार्यता पर जरूर थोड़ा सोचने की जरूरत लगती है। यह रिश्ता विवाह के साथ जुड़ी औपचारिकताओं, प्रतिबद्धताओं से बचने की युवा आकांक्षा की उपज है। ऐसे में इसे उसी लचीलेपन के साथ कानूनी दायरे में लाने की जरूरत है वरना यह कवायद बेकार होने का खतरा है। बहरहाल, राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया भी नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी।

# रसूलपुर में विद्यार्थियों ने निकाली जल बचाओ जागरूकता रैली




**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** रसूलपुर में जल बचाओ अभियान के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों ने जल बचाने को लेकर जागरूकता रैली निकाली। जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से आयोजित इस रैली की अध्यक्षता शिक्षक हीरालाल ने की। जागरुकता रैली के बाद राजकीय उच्च विद्यालय में निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मोहित कुमार ने बताया कि निबंध लेखन में उषा कुमारी ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय तथा अंकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में यशवीर ने पहला, संजना ने दूसरा तथा पायल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड संसाधन संयोजक मोहित कुमार ने विद्यार्थियों को पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए फिल्ड टेसटिंग किट के बारे में जानकारी दी। पानी की व्यर्थ बर्बादी को रोकने के लिए विद्यार्थियों ने घरों में लगे नल पर टूंटी लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संदीप कुमार,सत्यवीर सिंह,सुखीराम,किशनलाल,मनमोहन सिंह, अनिल कुमार, विनोद कुमार, दिनेश कुमार, धर्मवीर,सर्वेश, कर्मबीर हाजिर थे।

# पे-ग्रेड निर्धारित करने की मांग को लेकर पटवारी व कानूनगो की हडताल से ग्रामीण परेशान

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पे-ग्रेड निर्धारण करने की मांग को लेकर पटवारी-कानूनगो एसोसिएशन की हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। हडताल के चलते वे कार्यालय में हाजिर नहीं हुए वहीं उनकी ओर से कोई कार्य नहीं किए जाने से जरूरतमंद व्यक्तियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हडताल के चलते कनीना में पटवारी घर सुने पड़े रहे। पटवार कानूनगो एसोसिएशन कनीना के प्रधान शमशेर सिंह पटवारी ने कहा कि हड़ताल के चलते पटवारखाना में भूमि रिकॉर्ड से जुड़े नहीं किए जाएगें। मागों को लेकर उनकी ओर से सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बता दें कि हरियाणा में पटवारी और कानूनगो एसोसिएशन की ओर से 3 जनवरी से हडताल की चेतावनी दी गई थी। समय रहते सरकार द्वारा उनकी मागों पर निर्णय नहीं लेने से उनकी हड़ताल अनवरत जारी है। जमींन की नकल,मूल निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य कार्य के लिए आमजन पटवार घर के चक्कर लगा रहे हैं। सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। पे-ग्रेड फिक्स करने की मांग को लेकर प्रदेशभर के पटवारी-कानूनगो जिला मुख्यालयों पर हड़ताल कर रहे हैं। अधिकारियों व यूनियन की ओर से दो दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन उनकी मागों को लेकर कोई सहमति नहीं बन सकी। उनका कहना है कि वेतन निर्धारित होने तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

# बिजली उपभोक्तओं ने भारी भरकम बिल आने पर जताया आक्रोश

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बिजली उपभोक्ताओं को निगम द्वारा पिछले करीब छह माह बाद भारीभरकम बिल थमाने पर उनमें आक्रोस बढ रहा है। बिजली उपभोक्ता सुरेश यादव कनीना, राजीव,नरेश कुमार, रामनिवास, सुनील कुमार, रजत,सहदेव,अनिल शर्मा, नरेंद्र कुमार ने बताया कि मीटर रीडर द्वारा मनमर्जी मुताबिक रीडिग़ दिखाकर बिल बनाए गए हैं। जिन्हें ठीक करवाने को लेकर उपभोक्ता प्रतिदिन बिजली निगम कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनकी समस्या का तत्काल समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि निगम कि ओर से प्रति माह बिल वितरित न कर उपभोक्ताओं को चूना लगाया जा रहा है। मिनीमम यूनिट स्लैब को नजर अंदाज कर मैक्सीमम यूनिट चार्ज कर वसूली की जा रही है। जिससे उपभोक्तओं की जेब ढीली हो रही है। जबकि प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला की ओर से बीते समय उपभोक्ताओं को प्रतिमाह बिजली बिल उपलब्ध करवाए जाने की घोषणा की गई थी। जो अभी तक घोषणा मात्र बनी हुई है। इस बारे में बिजली निग कार्यालय कनीना के एसडीओ यूके वर्मा ने बताया कि पहले मीटर रीडिंग का कार्य एचईएसएल की ओर से किया जा रहा था,कार्य न करने की वजह से उसे ब्लैक लिस्ट किया गया है। उसके स्थान पर अब पावरटेक कम्पनी को मीटर रीडिंग कर बिल वितरित करने का जिम्मेवारी दी गई है। कुछ समय बाद उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान हो जाएगा।

# मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल, जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता : उपायुक्त

### आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख रुपये तक मिलेगा लाभ, आवेदक साल में केवल एक बार ही ले सकेंगे आर्थिक सहायता



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है।

उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उपायुक्त ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल -अचल संपतति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपतति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली रिपोर्ट्स को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत की गई राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व प्रक्रिया की विषमताओं को देखते हुए इस प्रकिया को आम जनता के लिए सरल बनाने के साथ ही समयबद्ध भी किया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवेदक दूसरे राज्य में इलाज करवा रहा है और वह चाहता है कि उपचार की राशि सीधे अस्पताल को मिले तो वह संबंधित अस्पताल की बैंकिंग डिटेल्स भी सांझा कर सकता है।

**आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत, अधिकतम एक लाख रुपए तक मिलेगा लाभ**

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपए निर्धारित की गई है। वहीं आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल ने बच्चों की शिकायतें सुन दिए समाधान के आदेश

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आयोजित शिविर में बच्चों से संबंधित 156 शिकायतें सुनी गई

### उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने संबंधित अधिकारियों को दिए उचित कार्यवाही करने के निर्देश



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की खंडपीठ ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल ने बच्चों से संबंधित 156 शिकायतें सुनी और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए वचनबद्ध है। बच्चों के अधिकारों व सरकार की योजनाओं को लाभ देने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यवाही की जाती है। संबंधित विभागों को भी समय-समय पर निर्देशित किया जाता है कि वे योग्य पात्र बच्चों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध दिया जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा आयोजित आज के शिविर में जो मामले सामने आएंगे, जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे बच्चों से संबंधित शिकायतों व मामलों में लापरवाही न बरतें तथा उन्हें समयबद्ध उचित लाभ देना सुनिश्चित करें।

शिविर में आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल ने बताया कि बैंच के सामने आज नूंह जिला में करीब 156 शिकायते रखी गई, जिन्हें गम्भीरतापूर्वक सुना गया। अधिकतर शिकायतें बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र व उनके अधिकारों व सरकारी योजनाओं के लाभ से संबंधित थी। उन्होंने कहा कि समाज में विकलांग बच्चों के प्रति संवेदना जरूरी है। ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोडना जरूरी है। आयोग द्वारा कैंप के माध्यम से विकलांग बच्चों को उनके अधिकारों व सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार बच्चों व खासकर विकलांग बच्चों को अपने अधिकारों व योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी नहीं होती, जिसकी वजह से वे इनका लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। आयोग द्वारा पहल की जा रही है कि विकलांग बच्चों को प्रतिशत के अनुसार उनके सर्टिफिकेट यूडीआईडी कार्ड बनाए जाए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि पॉक्सो, गुमशुदा, बाल मजदूरी, बाल भिक्षावृतति, स्कूल संबंधी किसी दस्तावेज, आधार कार्ड, स्वास्थ्य संबंधी तथा मेडिकल सर्टिफिकेट, बच्चा गोद लेने में आने वाली समस्या जैसी बच्चों से जुड़ी किसी भी तरह की शिकायत को आयोग समक्ष रख सकते हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, श्रमिक, समाज कल्याण विभाग आदि के अधिकारियों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शिविर में विकलांग बच्चों के सर्टिफिकेट बनाए गए हैं। दस्तावेजों में जो कमी पाई गई, उन्हें ठीक किया गया है। अनाथ बच्चों को आर्थिक मदद प्रदान करने व सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार बच्चों को सुविधाएं व संरक्षण सुनिश्चित हो और निर्धारित समय सीमा में संबंधित प्रकरणों का निराकरण संभव किया जाए। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के माध्यम से निराकरण भी किया गया। साथ ही सभी अभिभावक भी सरकारी निर्देशों की अनुपालना करें। शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता पेंशन और दिव्यांग संबंधी सुविधा के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग बाल विकास सेवाएं, कल्याण विभाग, मानसिक स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सलाहकार राजीव कुमार व आदित्य कुमार, हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर, सुमन राणा, गणेश कुमार, सलाहकार शशीकांत व दिनेश शर्मा, जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन राजेश छोक्कर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नवनीत कौर, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल सहित अन्य अधिकारी उपसथित थे।

# जननायक कर्मचारी मजदूर संघ में तीनों हलका अध्यक्षों सहित हाजी सिराजुद्दीन सिराज को किया प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित



### मज़दूर संघ के प्रदेश महासचिव साहिद हुसैन बने

### यूलबी प्रकोष्ठ में कुलवंत बघेल को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जननायक कर्मचारी मजदूर संघ के प्रभारी धूप सिंह माजरा, प्रदेशाध्यक्ष संजीव मंदोला व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी चौधरी बदरूद्दीन अड़बर मज़दूर संघ ज़िला अध्यक्ष शमशीद्दीन गुमल एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ज़िला अध्यक्ष ज़िला प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद जेकेएमएस में तीनों हलका अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की गई। जेकेएमएस सैल में जिला नूंह में तीन हलका अध्यक्षों की जिम्मेदारी दी गई है। नूंह में साबिर खान ठेकड़ा ,फिरोजपुर झिरका में मुस्तफा खान और पुन्हाना में शोहिब खान को हलका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इनके अलावा नूहँ निवासी हाजी सिराजूद्दीन सिराज को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के तौर पर घोषित किया गया है। इसके अलावा यूलबी सैल के प्रदेश कार्याकारिण सदस्य कुलवंत बघेल को की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है वहीं दूसरी ओर मज़दूर संघ शाहिद हुसैन हशनगाव को भी नई ज़िम्मेदारी दी गई है। जिला प्रवक्ता नासिर हुसैन अडबर ने बताया कि उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ता में खुशी है।अपनी नियुक्ति पर जेजेपी के आला नेताओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है। नियुक्ति के उपरांत कुछ पदाधिकारी प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक सेल बदरूद्दीन के निवास पर उनका आशीर्वाद लेने भी पहुंचे।

# वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 11 फरवरी को

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन नारनौल के संयुक्त सचिव प्रो. शिवहरि अग्रवाल ने बताया कि उनके संगठन की मासिक बैठक संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता मे 11 फरवरी रविवार को प्रात: 11 बजे संगठन के कार्यालय किला रोड़ स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम मे आयोजित की गई है, जिसमे वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओ के अतिरिक्त शहर की ज्वलंत समस्याओ पर भी विचार-विमर्श कर के उनके समाधान के लिए सम्बंधित विभाग व जिला प्रशासन से अनुरोध किया जाएगा। सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर पहुँचने का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि बैठक मे अवश्य भाग लें।

# अनुकरणीय: महेंद्रगढ़ में जीजा ने कराई साली की घुड़चढ़ी



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ में जीजा ने अपनी साली का बनवारा (घुडचढ़ी) निकला। साली को घोड़ी पर बैठकर परिवार के लोगों ने डीजे पर खूब डांस किया। साली के माता-पिता की मौत के बाद बिजली निगम में तैनात कर्मचारी ने हीं उसे स्नातक तक पढ़ाया। युवती को घोड़ी पर बैठी देख ग्रामीण भी हैरान रह गए। आज 6 फरवरी को युवती की शादी होनी है। खोजावाड़ा मोहल्ला में रहने वाले अनिल कुमार बिजली निगम में फोरमैन है। उनकी साली ज्योति की आज शादी है। माता-पिता व भाई की मौत के बाद ज्योति उसके पास ही रह रही है। पिता का फर्ज निभाते हुए उसने ज्योति का पालन पोषण किया। इसके बाद लड़का देखकर रिश्ता पक्का किया। कंवाली गांव से दूल्हा आज बारात लेकर आएगा।

माता-पिता और भाई की मौत के बाद अपने पास वह ज्योति को बचपन में ही लेकर आए। फोरमैन अनिल कुमार ने बताया कि उसकी शादी 2002 में कनीना के रहने वाले लालचंद की बेटी एकता के साथ हुई थी। इस साल पत्नी एकता के भाई रवि की एक्सीडेंट में मौत हो गई। इसके बाद ससुर लालचंद का भी एक्सीडेंट में देहांत हो गया। कुछ दिनों के बाद हार्ट अटैक से उसकी सास विमला देवी की भी मौत हो गई । उस समय ज्योति की उम्र तीन-चार साल थी। परिवार के सदस्यों की मौत के बाद ज्योति घर में अकेली रह गई। उसकी पत्नी एकता अपनी बहन ज्योति को अपने साथ घर ले आई। अनिल ने बताया की शादी के बाद उसके दो लड़के हैं ।दोनों ही इस समय पढ़ाई कर रहे हैं। उसने ज्योति को कभी माता-पिता की कमी महसूस नहीं होने दी। उसे अपनी बेटी बनकर खूब पढ़ाया लिखाया।

# अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान बनी 'मनोहर' सरकार की 'दयालु' योजना : धीरेंद्र खड़गटा



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु), अंत्योदय परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या 70 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती। इस योजना का क्रियान्वयन हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत एफआईडीआर के अनुरूप सत्यापित 1.80 लाख रुपए वार्षिक तक की आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य राज्य के पात्र निवासियों को मृत्यु/दिव्यांगता के मामले में सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 15 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्यों को इस योजना का लाभ मिलेगा। दयालु स्कीम का लाभ केवल उन परिवारों को देय होगा जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए तक सीमित है।

**'दयालु' योजना के तहत आयु वर्ग अनुसार दिया गया है लाभ :** उपायुक्त ने बताया कि दयालु योजना के तहत विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार लाभ दिया जा रहा है। 6 से 12 वर्ष आयु तक के लिए 1 लाख रुपए, 12 से अधिक व 18 वर्ष तक 2 लाख रुपए 18 से अधिक व 25 वर्ष तक 3 लाख रुपए, 25 से अधिक व 45 वर्ष तक 5 लाख रुपए, 45 से अधिक व 60 वर्ष तक 3 लाख रुपए की राशि दी जाती है। इस लाभ में 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) या विभिन्न विभागों द्वारा संबंधित वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि भी शामिल है।

# बच्चे से कुकर्म के दोषी को 20 साल की सजा और जुर्माना

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पाल की अदालत ने एक दस वर्षीय बच्चे से कुकर्म करने के आरोपी को दोषी ठहराया है। अदालत ने पोस्को एक्ट के दोषी को 20 साल की सजा के साथ-साथ 22 हजार रुपए जुर्माना भरने का फैसला भी सुनाया है। इतना ही नहीं अदालत ने पीड़ित पक्ष को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की सिफारिश भी की है।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पाल की विशेष पोक्सो अदालत के विशेष अभियोजक आकाश तंवर ने बताया कि 12 जनवरी 2021 में नगीना थाने के अंतर्गत एक गांव में एक दस वर्षीय बच्चे से कुकर्म करने का मामला सामने आया था। पीड़ित के पिता की शिकायत पर नगीना थाना पुलिस ने दो के विरुद्ध केस किया।शिकायत में बताया कि 9 वर्षीय बेटा सुबह गांव के मोड पर खेल रहा था,उसी दौरान वसीम अपने नाबालिग साथी के साथ बच्चे को 50 रूपए का लालच देकर सरसों के खेत में ले गया। जहां पर दोनों ने बच्चे के साथ कुकर्म किया। इस दौरान बच्चे को धमकी भी दी गई। पीड़ित के अभियोजक ने बताया कि बच्चे के छोटे भाई के माध्यम से जब परिजन को सूचना मिली तो उसकी तलाश की गई। शिकायत में बताया की खोजबीन के दौरान ही बच्चा सरसों के खेत में बेहोशी की हालत में मिला। जिसका अस्पताल ले जाकर उपचार कराया। जबकि इस मामले में दूसरा आरोपी नाबालिग था। जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर जुवनाइल कोर्ट में पेश किया। लेकिन जमानत मिलने के बाद वह नियमित रूप से सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ, जो फिलहाल फरार घोषित है। जबकि नूंह पुलिस ने मुख्य आरोपी वसीम के विरुद्ध सभी प्रकार के सबूत जुटा लिए। जिनकी अदालत में मजबूती से पैरवी की गई। लगभग तीन साल तक अदालत में केस सुनवाई चली। मंगलवार को अतिरिक्त अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पाल की अदालत ने दोषी वसीम को 20 साल कारावास की सजा के साथ-साथ 22 हजार रुपए जुर्माना भरने का फैसला सुना दिया। जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को 6 महीने अतिरिक्त सजा के काटने होंगे।

# सहकारिता विभाग के 100 करोड़ के घोटाले से बदलने लगे बावल विधानसभा के समीकरण

## सहकारिता मंत्री पर अभी तक आंच नहीं, मगर उठने लगी इस्तीफे की मांग







**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाडी।** हरियाणा के सहकारिता विभाग में लगभग 100 करोड़ के घोटाले को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ बनवारीलाल का इसमें अभी कोई नाम नहीं आया है मगर उनकी मुश्किलें बढ़ गई है क्योंकि प्रदेश के साथ साथ उनके ग्रह क्षेत्र बावल में प्रत्येक व्यक्ति की जुबान पर है कि इतना बड़ा घोटाला बिना मंत्री के संज्ञान में आए नहीं किया जा सकता। यदि मंत्री जी यह कहते है कि मेरे संज्ञान में नहीं था तो उनपर अपने विभाग पर नजर न रखने की बात से नकारा नहीं जा सकता। उनके एक पीए द्वारा इस घोटाले में शामिल होना व मंत्री जी को पता नहीं होना लोगों के गले नहीं उतर पा रहा है। जनता में चर्चा है कि सरकार भ्रस्टाचारियों पर जरूर कार्य करेगी मगर अपनी व पार्टी की छवि बचाने के लिए मंत्री जी पर आंच नहीं आने देगी। मगर यह भी साफ रहेगा कि इस बार उन्हें बावल विधानसभा की टिकट से हाथ धोना पड़ सकता है। इसी आशंका के चलते अब बावल में अन्य नेताओं की राजनैतिक सक्रियता बढ़ है जो इस मौके का फायदा लेना चाहते हैं। राजनीति के फुस्स बम जो दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके जजपा नेता श्याम सुंदर सभरवाल फुले नहीं समा रहे हैं व इस मौके को अपने हाथ से न जाने देने के लिए हर सम्भव प्रयास में जुट गए हैं। राजनीति व जंग में सब जायज है वाली कहावत को अपनाते हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आशीर्वाद लेने पहुंच गए। बावल की जनता सब जानती है कि पिछले 10 वर्षों में सभरवाल ने कभी रामपुरा हाउस की तरफ मुंह करके नहीं देखा अब वो राव को अपना सब कुछ बताते हैं। वाह री राजनीति, लोगों से पता नहीं कब क्या क्या करवा देती है। अब सभरवाल को जनता की याद आने लगी तो रोजाना मंत्री विधायक की तरह लोगों से चाय पर चर्चा व सुख दुख में जाने का शेड्यूल भी जारी कर दिया। लगता है सभरवाल को जजपा नेताओं के आशीर्वाद की जगह राव के आशीर्वाद में ही दम दिखाई दे रहा है। सभरवाल का यह कहना कि अबकी बार बावल विधानसभा जजपा के खाते में जाएगी तो अभी गलत होगा, क्योंकि अभी तक भाजपा एकला चलो की नीति पर मंथन चल रहा है। अगर दोनों पार्टी अलग अलग लड़ती है तब राव भाजपा के उम्मीदवार को ही आशीर्वाद देंगे न कि जजपा उम्मीदवार को, वे पार्टी से हट कर चलने की भूल कतई नहीं करेंगे।

इधर कांग्रेस से पूर्व मंत्री डॉ एमएल रंगा भी सक्रिय हो गए हैं वे भी इस घोटाले के बाद सहकारिता मंत्री पर लगातार निशाना साध रहे हैं ओर इस्तीफे की मांग कर रहे है। डॉ एमएल रंगा आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट ले पाएंगे या नहीं ये भविष्य के गर्भ में है। वैसे भी अभी बावल विधानसभा में कांग्रेस का वजूद रेवाड़ी व कोसली की अपेक्षा कम है, एमएल रंगा कांग्रेस का कितना वोट बैंक बढ़ा पाएंगे यह कहना अभी मुश्किल है। सहकारिता विभाग के घोटाले का भरपूर लाभ उठाने के लिए भाजपा के अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव एडवोकेट कमल निम्बल भी पूरी तरह सक्रिय हो चुके है। प्रदेश सचिव बनने पर जहां उनका जगह जगह अभिनन्दन किया जा रहा है तो वहीं वे प्रदेश आलाकमान की पसंद भी बने हुए हैं। वे आरएसएस के स्वयंसेवक रहे हैं व पार्टी के प्रति वफादार है। यदि आलाकमान एक प्रतिशत डॉ बनवारीलाल की टिकट काटता है तो कमल निम्बल की टिकट पक्की मानी जा सकती है।

संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता होने के नाते उन्हें टिकट दिया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत का आशीर्वाद मिलने में भी कोई परेशानी नहीं हो सकती क्योंकि वे सभी से मिलनसार व स्नेह रखते हैं। खैर अभी न तो 100 करोड़ के घोटाले पर मंत्री ड़ा बनवारीलाल पर कोई आरोप है और न ही अभी विधानसभा चुनाव हैं। तब तक सभी तस्वीरे साफ हो जाएंगी मगर इन चर्चाओं का दौर अपने चरम पर है।

# आईएमए ने शुरू की हैपी पीरियड प्रयास विंग की शुरुआत

**प्रयास विंग ने की सैनेट्री पैड कमोड में नहीं डालने की भी करी अपील**

**महिला शौचालय में रखे जाने चाहिएं पीले डब्बे : आईएमए**



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाडी।** डॉक्टरों के संघटन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) रेवाड़ी ने 'प्रयास' नाम से सामाजिक महत्व के मुद्दों पर नई विंग शुरू की है। इसी कड़ी में 6 फ़रवरी को शहर के केएलपी कॉलेज की छात्राओं तथा 5 फ़रवरी को सर्कुलर रोड स्थित गवर्मेंट गर्ल्स स्कूल की 8 वीं से 12 वीं तक की छात्राओं के साथ शहर के डॉक्टरों ने एक वर्कशॉप का आयोजन किया। इस अवसर पर आईएमए कि नई विंग प्रयास का भी शुभारंभ किया गया। जिला सीएमओ डॉ सुरेंद्र यादव इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों में डिप्टी सीएमओ डॉक्टर भंवरसिंह, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर विशाल राव व कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर कविता गुप्ता मौजूद रहे। अन्य अतिथिगणों में डॉक्टर कविता यादव, डॉक्टर राम बाबू यादव व डॉक्टर रिज़ुल सैनी मौजूद रहे।

प्रयास की चेयरपर्सन डॉ पूनम यादव ने बताया की 'महावारी' मानव जीवन की शुरुवात होने से जुड़ी एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक प्रक्रिया है। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे समाज में यह कुछ मिथकों और शर्म बोध से जुड़ गई। खुल कर बात चीत नहीं होने से इस विषय पर अज्ञानता और भी बढ़ गई। जिस कारण समाज की आधी आबादी इस से संबंधित तकलीफों को चुप चाप सहन करती आ रही है। समस्या का पहला समाधान जागरूकता है। इसी लिए हर वर्ष 5 फरवरी को महावारी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है। संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर दीपक, सचिव डॉक्टर नीरज, संगठन सचिव डॉक्टर सुमित्रा ने विषय से संबंधित जानकारी रखी। श्रीमती विनीता यादव, सेवा निवृत अधिवक्ता शैफाली सैनी, डॉ अचल सिंगला, डॉ सुरेखा राव, डॉ सुमन यादव ने महावारी से संबंधित मिथक, चिंताएं, ध्यान देने योग्य बातों की जानकारी वहां उपसथित छात्राओं से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बहुत रोचक तरीके से सांझा की। कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर कविता गुप्ता, जुगनू क्लब के योगेश्वर, एवं अन्य स्कूल शिक्षक भी वर्कशॉप का हिस्सा बने और सहयोग किया। अंत में छात्राओं ने वहां उपसथित डॉक्टरों से निजी शंकाओं पर संवाद किया। आईएमए के प्रेसिडेंट डॉक्टर दीपक ने सभी से अपील करी की इस्तेमाल के बाद पैड कमोड में नहीं डालना चाहिए व सभी संस्थानों को महिला शौचालय में ढक्कन वाले पीले डब्बे रखने चाहिए ताकि स्नेट्री पैड्स का उचित निस्तारण हो सके। निस्तारण के लिए एक पीला डब्बा और आपातकाल में सैनेट्री पैड की जरूरत पर नए स्नेट्री पैड्स भी आईएमए ने कॉलेज व स्कूल प्रबंधन को सौंपा।

# संगवाड़ी में हुआ कानूनी साक्षरता मिशन प्रतियोगिता का आयोजन

**डीईओ नसीब सिंह ने विजेताओं को किया पुरस्कृत**

**ओवरऑल प्रतियोगिता में जाटूसाना रहा अव्वल।**




**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाडी में जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता मिशन प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला शिक्षा विभाग रेवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नारा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह ने बताया कि उक्त प्रतियोगिताएं प्रतिवर्ष विद्यार्थियों में कानूनी साक्षरता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए आयोजित करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी 10 आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रत्येक खंड से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहने वाली टीमों ने भाग लिया। खंड जाटूसाना उक्त प्रतियोगिता का ओवरऑल विजेता बना।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रावमावि आसियाकी पांचौर सांपली, पीएम श्री रावमावि कापड़ीवास तथा रावमावि बुडौली ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय, डॉक्यूमेंट्री में पीएम श्री रावमावि बीकानेर, रामॉसंवमावि बोडिया कमालपुर तथा रावमावि गूगोढ़ ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय; स्किट में रावमावि संगवाडी, पीएम श्री रावमावि खोरी व राकवमावि गुरावड़ा की टीमें पहले, दूसरे व तीसरे; कविता वाचन में पीएम श्री रावमावि पाल्हावास, पीएम श्री राकवमावि रेवाड़ी, रामॉसंवमावि बोडिया कमालपुर ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय; भाषण में रावमावि कंवाली, रावमावि भाड़ावास, रावमावि संगवाडी ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय; निबंध में पीएम श्री रावमावि पाल्हावास, पीएमश्री राकवमावि रेवाड़ी, राकवमावि बावल ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय; वाद-विवाद में रावमावि सीहा, रावमावि कंवाली, रावमावि बेरली खुर्द ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय; ऑन द स्पॉट पेंटिंग में रावमावि गुगोढ, रावमावि कन्हौरी, रावमावि आसियाकी पांचौर सांपली ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय; स्लोगन लेखन में रावमावि रतनथल, रावमावि मोहनपुर, रावमावि माजरा भालखी ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय; पीपीटी में पीएमश्री रावमावि खोरी, रामॉसंवमावि बोडिया कमालपुर, रावमावि कंवाली ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी विजेताओं को जिला शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कृत कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से ना केवल विद्यार्थियों में बल्कि समाज में भी कानूनी जागरूकता आ रही है और समाज में अपराधों के साथ-साथ कुप्रथाओं पर भी अंकुश लगा है।

इस अवसर पर डीसीओ प्रदीप कुमार, बीईओ सतपाल धूपिया, अजय सिंह एडवोकेट, ललिता भारती एडवोकेट, ज्योति शर्मा एडवोकेट, हरिसिंह एडवोकेट सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यगण, मनोज कुमार प्राचार्य बीकानेर, अनिल प्रधान प्राचार्य कंवाली, निर्णायक मंडल में यशवंत, हेमंत यादव, संजय, केशव, हरीशचंद्र, मनीष कुमार, आरती यादव, बिंदु, दीपक, संजय डाबला, सीमा यादव, डॉ ज्योति, सुधीर यादव, विभिन्न विद्यालयों के टीम प्रभारी विद्यार्थियों सहित उपसथित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मेजबान विद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. ज्योत्सना यादव ने बखूबी किया कार्यक्रम के अंत में संगवाडी स्कूल के प्राचार्य कर्मवीर ने सभी का आभार जताया।

# पटवार भवन में जारी है पटवारियों का धरना



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाडी।** दी रेवेन्यू पटवार एवम कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर मंगलवार को भी ज़िला रेवाड़ी के समस्त पटवारी एवम कानूनगो जिला पटवार भवन रेवाड़ी सांकेतिक धरना में हाज़िर रहे। यह सांकेतिक धरना एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर 7 फरवरी को भी जारी रहेगा। अगर फिर भी सरकार यूनियन की मांगों को पूरा नही करती हैं तो आन्दोलन में तेजी लाई जाएगी व जगह जगह धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

यूनियन अपनी मांग को जो नया वेतनमान सरकार ने 32100 लागु किया है यह दिनांक 01 जनवरी 2016 से नोशनली व जनवरी 2023 से वास्तविक रुप से लागु किया जावे। आज धरने को जिला प्रधान बलजीत यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार को पटवारियों की जायज मांगो को तुरंत प्रभाव से मान लेना चाहिए ।हरियाणा सरकार अपने तानाशाही रवैया का परिचय देकर हरियाणा की आम जनता को परेशान कर रही है, सरकार को पटवारियों की बात को मान लेना चाहिए, क्योंकि मांगे उचित व जायज है।

इस मौके पर उप प्रधान राकेश कुमार गिरदावर, विजय गिरदावर, सतबीर गिरदावर, नवीन पटवारी, अशोक पटवारी, पवन पटवारी, जसबीर पटवारी, अजय पटवारी, विक्रम पटवारी, संजय पटवारी, कविता पटवारी व ममता पटवारी सहित समस्त पटवारी व गिरदावर उपसथित रहे।

# पुलिस द्वारा अवैध हथियार धारकों की धकपकड़ अभियान को लेकर सीआईए होडल ने देसी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत सीआईए होडल टीम ने अवैध हथियार देसी कट्टा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए सीआईए होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 5 फरवरी 2024 को उनकी टीम सीआईए में तैनात हेड कांस्टेबल संदीप कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने विश्वसनीय सूत्र की सूचना के आधार पर थाना होडल अंतर्गत गढ़ी प्याऊ होडल नजदीक से एक युवक को अवैध हथियार एक देसी कट्टा सहित धर दबोचने में सफलता हासिल की। आरोपी बरामद देशी कट्टा बारे कोई लाईसेन्स व परमिट पेश नहीं कर सका। प्रभारी सीआईए होडल ने बताया कि बरामद अवैध हथियार को कब्जे में लेकर संबंधित थाना होडल में आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है जिससे बरामद अवैध हथियार स्त्रोत्र बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# गांव बिलौचपुर में पानी के बूस्टर की चेंबर की छत का गिरा लेंटर, सेटिंग खोलते समय हुई घटना

## गांव के लोगों में और ठेकेदार के कर्मचारियों ने अधिकारियों पर अधिक कमीशन की मांग को बताया जिम्मेदार




**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** सरकार लगातार भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से हरियाणा प्रदेश में लगाम लगाने में जुटी हुई है लेकिन उसके बाद भी अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जो भी सरकार द्वारा जिले में विकाश कार्य कराए जा रहे हैं सभी विकाश कार्यों में अधिकारी और ठेकेदार मिलकर घटिया सामग्री लगाकर जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं जो काम किए जा रहे हैं या बिलडिंग बनाई जा रही हूं या सड़क या रास्ते बनाए जा रहे हो सभी कुछ ही दिन में जर्जर हो रहे हैं इससे साफ जहर हो रहा है कि जो कार्य किया जा रहे हैं उसे सभी में घटिया सामग्री लगाई जा रही है। ऐसा ही मामला गांव बिलोचपुर मे सामने आया है जहां गांव में लाखों रुपये की लागत बनाए जा रहे पानी के बूस्टर का चेंबर बनकर अभी खड़ा नहीं हो पाया की उसका लेंटर सेटिंग खोलने के साथ ही गिर पड़ा। लेंटर गिरने से पंचायत विभाग के अधिकारियों की देखरेख में लगाई जा रही घटिया निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की पोल खुल गई है ।वंही मौके पर ठेकेदार के कर्मचारियों ने घटिया सामग्री का ठीकरा पंचायत विभाग जेई व एसडीओ के सिर पर फोड़ दिया और निर्माण कार्य ज्यादा कमीशन की मांग बताया । बाद में अधिकारियों के आदेश पर ठेकेदार के कर्मचारियों ने टूटे हुए लेटर को तुरंत साफ कर दिया ।मंगलवार की सुबह आचनक गांव बिलोचपुर में पीने के पानी के लिए बनाए जा रहे बूस्टर के चेंबर के भवन की छत का लेंटर सेटिंग खुलने के साथ ही अचानक नीचे गिर पड़ा। लेंटर गिरने के साथ ही मजदूर में भगदड़ मच गई। लेंटर गिरने की सूचना जब ग्रामीणों को मिली तो ग्रामीण राहत बचाव के कार्य के लिए मौके पर पहुंचे लेकिन गनीमत यह रही सेटिंग खुलने के कार्य मे कोई मजदूर घायल नही हुआ। ग्रामीणों ने जब घटनास्थल पर मौजूद ठेकेदार के कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने नाम ने बताने की शर्त पर बताया कि पंचायत विभाग के जेई प्रदीप व एसडीओ अरशद की देख रेख में कार्य किया गया जिसमें उन्होंने अधिक कमीशन की मांग की थी । गांव के ग्रामीण सुकेंन्द्र कुमार ,भूपेंद्र कुमार ,बलराज ,बिंटू मनोज कुमार आदि ने जब घटिया सामग्री के बारे में अधिकारियों से शिकायत की तो उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई विभाग के अधिकारियों ने नहीं की। ग्रामीणों ने प्रशासन से पंचायत विभाग अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर पैसा वसूलने की मांग की है ।वंही पंचायत विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रेमसिंह राणा लेंटर गिरने के बारे में उन्हें कोई सूचना नही है उन्होंने अधिकारियों को बचाते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मुख्य मंत्री आवास का करेंगे घेराव




**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल 7 फरवरी बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास का घेराव करने के लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेशभर से रवाना होंगे। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के पलवल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर ने जिला कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। हरियाणा में बेरोजगारी अपराध पर अंकुश लगाने में नाकामयाबी के आरोप प्रदेश सरकार पर लगाते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि 2019 में भारतीय जनता पार्टी की केवल 40 सीट आई थी। खुद को भाजपा विरोधी कहते हुए दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की जनता से वोट बटोरने के बाद जब बीजेपी से हाथ मिला लिया। तभी से ही प्रदेश में भ्रष्टाचार की नींव रखी गई। उन्होंने कहा बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है। पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद सहित कई विभागों में स्टाफ की कमी है। लोग परेशान है। बावजूद इसके मुख्यमंत्री इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे है। उन्होंने कहा की प्रदेश भर के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता जनता की आवाज बन करनाल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने बताया पलवल से भी करीब 300 कार्यकर्ता इस घेराव में शामिल होंगे। उन्होंने कहा प्रदेश में आम आदमी पार्टी सरकार आने के बाद युवाओं को रोजगार तो मिलेगा ही इसके साथ-साथ बिजली पानी स्वास्थ्य शिक्षा की सेवाएं देने के साथ-साथ भाजपा को अपने तानाशाही रवैया का अंजाम भी भुगतना होगा।

# नारनौल में सब्जी मंडी व्यापारी 10 फरवरी से हड़ताल पर

## यूनियन ने बैठक कर लिया निर्णय मार्केट फीस बढ़ाने का किया विरोध

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से सब्जी व फल व्यापारियों पर लगाई मार्केट फीस के विरोध में आढ़तियों का विरोध जारी है। आढ़ती संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने अपने वायदे अनुसार 8 फरवरी तक मार्केट फीस वापस नहीं ली तो 10 फरवरी से प्रदेश भर की मंडियों में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

सब्जी मंडी यूनियन नारनौल की एक बैठक मंगलवार को करण सिंह सैनी की अध्यक्षता में नई सब्जी मंडी नांगल चौधरी रोड पर हुई जिसमें सब्जी मंडी के प्रधान अजीत सैनी ने बताया कि हरियाणा सरकार ने सब्जी आढ़तियों पर एक काला कानून थोप दिया है। इसके विरोध में सब्जी मंडी आगामी 10 फरवरी से अनिश्चितकालीन रूप से बंद की जाएगी।

प्रधान ने बताया कि सरकार पिछले वर्ष की मार्केट फीस के हिसाब से आने वाले वर्ष की मार्केट फीस एडवांस में भरवाना चाहती है। हर साल 10% और फीस लगाई जाती है। प्रधान ने बताया कि जिस साल हमने अभी तक कोई काम ही नहीं किया उसकी फीस किस हिसाब से भरें।

उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने कोरोना काल में फल व सब्जी व्यापारियों पर दो प्रतिशत ड्यूटी लगाई थी। उन्होंने कहा कि अब एक मुश्त प्लस एक प्रतिशत फीस व्यापारियों से मांगी जा रही है, जो कि पिछले वर्ष के करीब 50 प्रतिशत बढ़ाकर है, वो भी अग्रिम तौर पर मांगी जा रही है। इसके तहत आढ़तियों को 5 से 7 लाख रुपये सालाना सरकार को देने ही पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इतनी मोटी रकम देना आढ़तियों के लिए आसान नहीं है। उन्होंने बताया कि इसी के विरोध



में बीते 20 दिसंबर को फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा रोष स्वरूप सांकेतिक हड़ताल की गई थी।

उस समय प्रदेश के कृषि मंत्री ने आश्वासन दिया था कि मार्केट फीस हटा ली जाएगी, लेकिन आज तक वे अपना वायदा पूरा नहीं कर पाए। सरकार के इसी वायदा खिलाफी के विरोध में बीते एक फरवरी को रोहतक में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में फैसला लिया गया कि यदि सरकार अपने वायदे अनुसार 8 फरवरी तक फल व सब्जी व्यापारियों पर थोपी गई मार्केट फीस नहीं हटाती है तो 10 फरवरी से प्रदेश भर की सब्जी मंडियों में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

उप प्रधान रोशन लाल ने बताया कि सरकार व्यापारियों पर स्लैब सिस्टम लागू करना चाहती है तथा छोटे दुकानदारों पर लाइसेंस की एवेज में हर साल 7200 रुपया वसूल करना चाहती है, जो कि गलत है। इस काले कानून के विरोध में पूरे हरियाणा की सब्जी मंडियों ने 20 दिसंबर को भी हड़ताल की थी। सरकार ने पहले 28 जनवरी का समय दिया था। अब 8 फरवरी का समय दे रही है। सरकार द्वारा कोई उचित जवाब न देने की स्थिति में पूरे हरियाणा की सब्जी मंडी 10 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेगी।

सभी सदस्यों ने 10 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का पूर्ण जोर समर्थन किया। अगर सरकार 8 तारीख तक सब्जी व्यापारियों पर थोपे गए काले कानून को वापस नहीं लेती तो 10 फरवरी से नारनौल सब्जी मंडी जिसमें सभी सब्जी आढ़ती, दुकानदार, रेहड़ी वाले, फड़ वाले अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल रखेंगे। बैठक में संगठन के सचिव शिवराज सिंह, कोषाध्यक्ष भगत सिंह सैनी, जय राम सैनी, रमेश चंद, आत्म प्रकाश, सुभाष चंद्र, पप्पू सैनी, राजेश सैनी, रोशन सैनी, राजू, रोहतास, बबलू, परमानंद, धर्मचंद और नरेश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# बाजरे की भावांतर भरपाई ब्याज सहित दें सरकार : कृष्ण राव



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** मंगलवार को हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण राव अटेली विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गाँवो में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत लोगों से मुलाकात की व उनका हाल चाल जाना। युवा नेता ने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग मौजूदा सरकार से बेहद दुखी व परेशान है । प्रदेश का युवा आज सरकार की गलत नीतियों के चलते पूरे देश मे सर्वाधिक बेरोजगारी की मार झेल रहा है। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा जजपा सरकार की करनी व कथनी में दिन रात का फर्क है। उन्होंने बताया कि उन्होंने मंगलवार को अटेली के दर्जनों गाँवो में दौरा किया व घर घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार किया । वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि आने वाले महीने शादियों से जुड़े हैं और बाजरा इस क्षेत्र के मुख्य फसल है, करीब 4 महीने ने भावांतर भरपाई योजना के तहत मिलने वाली राशि का इंतजार आज भी बना हुआ है । भावांतर भरपाई योजना के तहत प्रति क्विंटल करीब 300 रुपये का अंतर राशि के तौर पर किसानों को राज्य सरकार द्वारा मुहैया कराना था लेकिन किसान आज भी इस योजना के इंतजार में हैं। कृष्ण राव ने इस अवसर पर सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द किसानों को बाजरे की भावांतर भरपाई ब्याज सहित देने का काम करें ताकि किसान वर्ग को कुछ सहारा मिल सके।

# हकेवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया पुस्तक का विमोचन



**सिटी 24न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के शोधार्थी कौशिक दास मालाकार, भूगोल विभाग, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. मनीष कुमार; दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुभाष आनंद तथा इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली की डॉ. ग्लोरिया कुजूर द्वारा लिखित पुस्तक का मंगलवार को विमोचन किया। 'जलवायु परिवर्तन और सामाजिक-पारिस्थितिक परिवर्तन: भेद्यता और स्थिरता' नामक पुस्तक का प्रकाशन स्प्रिंगर नेचर, सिंगापुर द्वारा किया गया है। पुस्तक का विमोचन करने के बाद कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने लेखकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक नीति नियोजन और प्रबंधन के विभिन्न स्तरों पर योजनाकारों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिक पेशेवरों और विद्यार्थियों के बीच जलवायु परिवर्तन और सामाजिक-पारिस्थितिक स्थिरता के बारे में वैज्ञानिक ज्ञान और समझ को बढ़ावा देने में अवश्य ही मददगार साबित होगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सभी लेखकों को बधाई दी। उन्होंने पुस्तक के महत्वपूर्ण पहलुओं, विशेष रूप से जलवायु संकट के युग में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया। पुस्तक के लेखक डॉ. मनीष कुमार ने पुस्तक की पहली प्रति कुलपति को भेंट की और पुस्तक में निहित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. मनीष कुमार ने सामाजिक-पारिस्थितिक प्रणाली पर जलवायु संकट के प्रभाव के दायरे में समझ और अवसरों पर जोर देते हुए पुस्तक के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# नारनौल में अग्निवीर की संदिग्ध मौत



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** नारनौल क्षेत्र के बदोपुर गांव की बणी में एक अग्निवीर जवान का शव मिला है। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हुई है। मृतक युवक अग्निवीर में था और अभी छुट्टी पर आया हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार गोद गांव निवासी 22 वर्षीय अनुज शाम को घर से बाहर घूमने निकला था। लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा इसके बाद अनुज की तलाश की तो बदोपुर गांव के नदी की बणी में अचेत हालत में मिला। इसके बाद उनको लेकर परिजन देर रात करीब 12 बजे नारनौल के नागरिक अस्पताल में पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर मोर्चरी में शव रखवा दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों से पर्दा उठेगा। पुलिस जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार अनुज करीब सभा साल पहले ही अग्नि वीर योजना के तहत फौज में भर्ती हुआ था इसके बाद वह जोधपुर में तैनात था पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचा दिया है।

# अहमदाबाद में नौ विकेट लेकर महेंद्रगढ़ के रोहित जांगड़ा ने रचा इतिहास, जश्न



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ जिले के सतनाली खंड के गांव श्यामपुरा निवासी रोहित जांगड़ा ने सीके नायडू ट्राफी के अंडर-23 के अपने दूसरे ही मुकाबले में सिक्किम के खिलाफ नौ विकेट लेकर जिले का गौरव बढ़ाया है। हाल ही में रोहित जांगड़ा का सीके नायडू अंडर- 23 ट्राफी के लिए चयन हुआ था। बीसीसीआई घरेलू सीजन में अरुणाचल प्रदेश की तरफ से खेलते हुए रोहित जांगड़ा ने अपने पहले ही मैच की दो पारियों में कुल छह विकेट लेकर सभी का ध्यान आकर्षित किया था।

**लगातार बेहतर प्रदर्शन से जिले में खुशी की लहर :** रोहित जांगड़ा इस स्तर पर पहुंचने वाला जिले का पहला क्रिकेट खिलाड़ी है तथा लगातार बेहतर प्रदर्शन से जिले में भी खुशी की लहर है। रोहित जांगड़ा के कोच नवीन यादव ग्रीन फिल्ड क्रिकेट एकेडमी सिसोठ ने बताया कि पहले मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ दो पारियों में कुल पांच विकेट लिए थे। गत चार फरवरी से सिक्किम के साथ शुरू हुई दूसरे मुकाबले की पहली ही पारी में चार तथा दूसरी पारी में कुल पांच विकेट लिए हैं। दूसरा मुकाबला सिक्किम के साथ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए मुकाबले में अब अरुणाचल प्रदेश की टीम क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुकी है। बीसीसीआई द्वारा आयोजित सीके नायडू अंडर-23 ट्राफी में देश के सभी प्रदेशों की टीमें शामिल होती हैं।

**दो मुकाबलों में 15 विकेट लेकर लगाई लंबी छलांग :** रोहित जांगड़ा के कोच नवीन यादव ने बताया कि रोहित बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी करता है। गेंदबाजी के दम पर जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महेंद्रगढ़ जिले का परचम लहराएगा। बीसीसीआई द्वारा विभिन्न चरण की प्रक्रिया के बाद उनका चयन किया गया है। कोच नवीन यादव ने बताया कि अब अरुणाचल प्रदेश की टीम का क्वार्टर फाइनल मुकाबला जल्द ही दिल्ली में होगा।

# हकेवि के पत्रकारिता एवं पर्यावरण विभाग के विद्यार्थियों ने किया बॉयोमास प्लांट का भ्रमण

## विद्यार्थियों ने समझी बॉयोमास से बिजली उत्पादन की प्रक्रिया

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण विभाग के विद्यार्थियों ने ग्राम कुराहवटा में नवीकरणीय ऊर्जा के बायोमास पावर प्लांट का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बायोमास से बिजली उत्पादन की प्रक्रिया को जाना-समझा। पत्रकारिता एवं पर्यावरण विभाग के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सेंटर फार मीडिया स्टडीज की निदेशक अन्नू आनंद ने कहा कि सेंटर का उद्देश्य विद्यार्थियों को कार्बन उत्सर्जन से होने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताना है जो कि व्यवहारिक प्रशिक्षण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि नवीनतम उर्जा स्रोत से न केवल बिजली की माँग को पूरा किया जा रहा है बल्कि कृषि अवशेषों का भी सही तरीके से उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने भ्रमण के दौरान मीडिया विद्यार्थियों को सतत ऊर्जा विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर लेख लिखने के लिए भी प्रोत्साहित किया।



इस अवसर पर संचार विशेषज्ञ निशांत सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण वर्तमान समय का सबसे गंभीर विषय है। पर्यावरण संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आमजन को इस विषय पर जागरुक करने में मीडिया से जुड़े लोगों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि पत्रकारिता एवं जनसंचार एवं पर्यावरण विभाग ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा से व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि कार्बन का कम से कम उत्सर्जन हो इसके लिए आज दुनिया भर में प्रयास किए जा रहे हैं। भारत भी इस दिशा में दुनिया के अन्य देशों से कुछ आगे बढ़ कर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भावी पत्रकार इस विषय की गंभीरता को समझें इसलिए सेंटर फॉर मीडिया स्टडी के सहयोग से इस भ्रमण का आयोजन किया गया है। पर्यावरण अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोना शर्मा ने कहा कुराहवटा में बायोमास पॉवर प्लांट में विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा हमारे द्वारा सिखाई जाने वाली पर्यावरणीय अवधारणाओं का व्यावहारिक अनुप्रयोग है। भ्रमण करने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि हरियाणा के पहले बायोमास पॉवर प्लांट की यात्रा शैक्षिक और प्रेरणादायक दोनों थी। स्थायी ऊर्जा स्रोतों का प्रत्यक्ष अनुभव करने से पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में हमारी समझ गहरी हो गई है। इस तरह की पहल हमें इस दिशा में योगदान करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर दोनों विभागों के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सरकार बनने पर 36 बिरादरी का करेंगे जनकल्याण : विपिन शर्मा

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** कांग्रेस की युवा नेता विपिन शर्मा ने कहा कि प्रदेश में आगामी सरकार भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में बनेगी। कांग्रेस सरकार बनने के बाद 36 बिरादरी के लोगों के लिए जनकल्याण के विकास एवं रोजगार के अवसर करवाए जाएंगे। नांगल चौधरी विधानसभा के कोओडिनेटर विपिन शर्मा मंगलवार को क्षेत्र विभिन्न गांवों में 9 फरवरी को चरखी दादरी में कांग्रेस रैली की तैयारी को लेकर ग्रामीणों को निमंत्रण देते हुए कहा कि अग्निवीर नाम से ऐसी योजना लागू कर दी जो नो रैंक नो पेंशन वाली है। ये योजना फौज के लिये बहुत घातक है और जो योजना फौज के लिये घातक है वो देश के लिये अच्छी कैसे हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जैसे किसानों से माफी मांगकर तीनों कानून वापस लिए वैसे ही युवाओं से माफी मांगकर अग्निपथ योजना वापस ले। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बेरोजगार युवाओं की फौज दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नारनौल विधानसभा युवा प्रभारी विपिन शर्मा ने अपने को नांगल चौधरी विधानसभा का कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर अक्षत राव, विधायक राव दान सिंह, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया का आभार जताते हुए कहा कि वह उनकी आकांक्षाओं पर पूरा उतारने का प्रयास करेंगे।

# ताजीपुर गांव के एक युवक ने फांसी का फंदा लगाया, दिमाग की तौर से था परेशान



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** गांव गाजीपुर के एक युवक ने अपने घर में बने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गांव ताजपुर का रहने वाला 23 वर्षीय जसवंत दिमागी रूप से कुछ कमजोर बताया जा रहा है। ग्रामीणों के माने तो मृतक खेती-बाड़ी व मेहनत मजदूरी का काम करता था और यह विवाहित था। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक जसवंत अपने आप में ही रहता था। वह ज्यादातर समय अकेला ही यहां वहां घूमता रहता था और किसी से ज्यादा बातचीत भी नहीं करता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार को ओर दिनों की तरह ही सब कुछ सामान्य था। लेकिन देर शाम जसवंत ने अपने कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर परिवार के लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो जसवंत को फंदे पर लटका हुआ पाया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक को फंदे से नीचे उतरा और नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# नगर परिषद टीम ने मुख्य बाजार से दूसरे दिन भी हटाया अतिक्रमण

## कई जगह दुकानदारों से नोकझोंक, बाहर रखा सामान किया जब्त





**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** नगर परिषद नारनौल द्वारा सोमवार को शुरू हुआ शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। यह अभियान शहर के मुख्य मार्ग पर चला। मुख्य बाजार में चले इस अभियान के कारण दुकानदारों में हड़कंप मच गया। वहीं दुकानदार अपनी दुकानों के आगे रखे सामान को समेटते नजर आए। शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान मुख्य बाजार महावीर चौक से शुरू हुआ। टीम ने मुख्य बाजार महावीर मार्ग, पुल बाजार, पनीगंज होते हुए आजाद चौक तक दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया । इसके चलते दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दुकानदार अपना सामान समेटते नजर आए। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत जब नगर परिषद की टीम मुख्य बाजार में निकली तो कई जगह दुकानदारों ने इसका विरोध भी किया। वहीं अनेक दुकानदार नगर परिषद की टीम के साथ उलझते हुए भी दिखाई दिए। जिसके चलते नगर परिषद की टीम व दुकानदारों के बीच कई बार झड़प होते-होते बची।

नगर परिषद की टीम ने दुकानदारों का सामान भी जब्त किया। इस दौरान टीम ने दुकानदारों की मेज, कुर्सियां, तख्त, होलडिंग व अन्य सामान को भी जब्त किया। जिसका दुकानदारों ने विरोध भी किया। लेकिन टीम दुकानदारों का सामान लेकर चली गई। यहां याद रहे कि सोमवार को नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाओ अभियान का श्रीगणेश किया था। सोमवार को भी कई जगह व्यापारियों ने नगर परिषद के अभियान का विरोध किया था। दुकानदार अपनी गलती के बजाय टीम के लोगों से उलझते रहे। आपको बता दे नारनौल के मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा भारी मात्रा में अतिक्रमण किया हुआ है। दुकानदारों द्वारा अपनी सामान दुकानों से काफी आगे तक सामान रखा रहता है। फलस्वरूप बाजार काफी संकरा हो जाता है। इस मुद्दे को नगर पार्षदों ने गढत दिनों आयोजित नगर परिषद की बैठक में भी उठाया था। समय-समय पर नागरिक भी अतिक्रमण को लेकर आवाज उठाते रहते हैं। लोगों का कहना है कि नगर परिषद को समय-समय पर यह अभियान जारी रखना चाहिए ताकि बाजार में अतिक्रमण न हो।

# गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटी हकेवि की छात्रा काजल का किया स्वागत

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयं सेवक काजल का 26 जनवरी 2024 के अवसर पर कर्त्तव्य पथ, नई दिल्ली में हिस्सा लेकर विश्वविद्यालय लौटने पर स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की छात्रा काजल का गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा लेना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि काजल ने 1 से 31 जनवरी 2024 तक गणतंत्र दिवस परेड शिविर में प्रतिभागिता की। शिविर के दौरान काजल ने माननीया राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा युवा कार्यक्रम एवं खेलमंत्री के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही राजघाट, लोटस टेम्पल, कुतुबमीनार व लाल किला आदि एतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी। काजल के विश्वविद्यालय पहुँचने पर काजल के पिता सत्यवीर सिंह, माता सुमन देवी सहित




अन्य परिजनों व विश्वविद्यालय हकेवि के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप, डॉ. रेणु, प्रो. दिनेश चहल व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आनंद शर्मा ने काजल की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

# मुझे क्षेत्र की जनता ने गोद ले लिया है : राजेश नागर

**विधायक राजेश नागर ने अपने जन्मदिन पर उमड़े विशाल जन समूह के प्रति दिखाई कृतज्ञता**

**बोले, समस्त क्षेत्र की जनता ने मुझे जितना प्यार दिया है उसकी मिसाल देखने को नहीं मिलती है**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजेश नागर के जन्मदिन पर आज उनके भतोला निवास पर हजारों की संख्या में जनता पहुँची। जिससे गदगद विधायक ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता द्वारा गोद ले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वह जनता का कर्ज नहीं उतार सकते लेकिन उनकी सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे। जिसमें वह 24 घंटे तैयार रहते हैं। नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से मेरे विधानसभा क्षेत्र में इतने विकास कार्य हो रहे हैं कि लोग बहुत सुखी महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज करोड़ों रुपए के विकास कार्य मेरे क्षेत्र में हो रहे हैं। इसके साथ-साथ केंद्र एवं राज्य की दर्जनों योजनाओं का लाभ आज हर वर्ग तक पहुंच रहा है। जो भारतीय जनता पार्टी की अंत्योदय नीति को साकार रूप देता नजर आ रहा है।

विधायक राजेश नागर ने भारत कॉलोनी स्थित सेवा भारती हरियाणा के सहयोग से चलने वाले शिक्षा एक अभियान ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में पढ़ने वाली बच्चियों एवं आसपास क्षेत्र में रहने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ भी केक काटकर अपने जन्मदिन की खुशी साझा की। विधायक राजेश नागर के भतोला निवास पर बंचारी के नगाड़ा और जोगियों की बीन की धुन पर लोग घंटों नाचते रहे। तिगांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने यहां पहुंचकर विधायक राजेश नागर का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर हजारों केक काटे गए और एक से बढ़कर एक विशाल फूलमालाओं द्वारा समर्थकों ने उनको शुभकामनाएं दीं। लोग बोले ऐसा सच्चा विधायक हमने अपने जीवन में नहीं देखा। लोगों को यह कहते सुना गया कि विधायक आज भी अधिकारी से बात करते समय अपने फोन को स्पीकर पर रखते हैं, जो उनकी ईमानदारी की मिसाल है। लोगों ने कहा कि ऐसा लाडला विधायक हमें मिला है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। लोगों ने बोला कि राजेश नागर कोई भी निर्णय लेते हैं वह क्षेत्र की जनता की भलाई के लिए होता है। इसलिए हम उनके साथ हैं। इस अवसर पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र सहित हरियाणा, दिल्ली, नोएडा के अनेक क्षेत्रों से लोग यहां पहुंचे। जिनमें राजनेता, अधिकारी, पंच-सरपंच, परिषदों के सदस्य, समाजसेवी, मीडिया के साथी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# फरीदाबाद में पत्नी के चरित्र पर शक के चलते पति ने किया पत्नी पर बेलन से जानलेवा हमला गंभीर हालत में दिल्ली की गई इलाज के लिए रेफर

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एक पति ने अपनी ही पत्नी के चरित्र पर शक होने के चलते उसे पर बेलन से जान लेना हमला कर दिया और खुद उसे फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचा। जिसे डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।वहीं आरोपी पति का कहना हुआ की उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है।

तस्वीरों में दिखाई दे रही यह वहीं महिला है जिस पर उसकी के पति ने चरित्र पर शक होने के चलते जानलेवा हमला कर बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। बता दे की घटना फरीदाबाद के सूरजकुंड इलाके में पड़ने वाले मेवला महाराजपुर की सोमवार की रात की है। आरोपी पति इंद्रजीत ने खुद यह खुलासा करते हुए बताया की उसकी पत्नी का चरित्र ठीक नहीं है इससे पहले भी वह किसी गैर मर्द के साथ पकड़ी गई थी तब उसने उसे माफ कर दिया था लेकिन आज वह जब घर आया तो उसके ही 12 साल के बेटे ने बताया कि मां आज भी किसी और गैर मर्द के साथ थी । बेटे की बात सुनकर इंद्रजीत का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया और उसने घर में रखे रोटी बनाने वाले बेलन से अपनी पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिसके चलते वह बुरी तरह लहूलुहान हो गई । इंद्रजीत ने बताया की वह काफी नशे में था वह खुद अपनी पत्नी रेखा को फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचा है। वही इंद्रजीत ने हमले की वारदात को कबूलते हुए कहा कि उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है भले उसकी पत्नी मर ही क्यों न जाए ।

वहीं इस मामले में पीड़िता पत्नी रेखा ने बताया कि उनके पड़ोस में एक लड़का रहता है उसकी केवल उससे कभी कभी बातचीत होती थी । हालांकि जब उसके पति ने उसे मना किया तो उसने उसे बोलना भी छोड़ दिया था लेकिन आज फिर उसकी नंद सत्तो- नंदोई किशन लाल और पति ने उसे पर झूठे आरोप लगाते हुए बेलन और लात घूंशों से तरह पीटा है।

वहीं इस मामले में पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की फिलहाल आरोपी पति द्वारा उसकी पत्नी को फरीदाबाद के ही एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। पीड़िता के बयान लेने के बाद ही आरोपी पति के खिलाफ आगे की कारवाही की जाएगी।

# 11 को टोहाना में होने वाले प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन को लेकर व्यापार मण्डल ने किया बैठक का आयोजन



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल जिला पलवल व शहरी इकाई के पदाधिकारीयों की बैठक व्यापार मण्डल जिला कार्यालय पर हुई। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता ने की। बैठक मे विशेष रूप से हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल के प्रदेश सगठंन मंत्री प्रवीण गर्ग व व्यापार मण्डल पलवल के प्रधान विनोद जैन, हथीन व्यापार मण्डल के प्रधान चौधरी नरेश सिंगला, व्यापार मण्डल होडल के प्रधान श्याम सुंदर मगंला मौजूद रहे। बैठक का संचालन व्यापार मण्डल पलवल ईकाई के प्रधान विनोद जैन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मण्डल के प्रदेश सगठंन मंत्री प्रवीण गर्ग ने कहा की हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल का प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन 11 फरवरी रविवार को टोहाना के भाटिया भवन मे आयोजित किया जा रहा है। जिस मे मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष व हरियाण कान्फैड के पूर्व चैयरमैन बजरंग दास गर्ग होंगे। इस सम्मेलन मे पूरे प्रदेश से व्यापार मण्डल के जिला, शहरी, व्लाक प्रधान व प्रदेश के प्रतिनिधि सहित भारी संख्या मे भाग लेंगे।गर्ग ने कहा की सम्मेलन मे व्यापार व उद्योग को बढावा देने, व्यापारियों व्यापार करने मे आ रही समस्याओं व प्रदेश मे व्यापारियों के साथ हो रही लूटपाट व अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएग। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बजरंग गर्ग व प्रदेश के अन्य व्यापारी नेता संबोधित करेंगे। व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता व शहरी अध्यक्ष विनोद जैन ने कहा की टोहाना मे होने बाले व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन मे जिला पलवल का भी प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा व जिला पलवल मे व्यापारियों को हो रही परेशानियों व समस्याओं को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन मे प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक मे व्यापारियों वकी समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर व्यापार मण्डल पलवल के कोषाध्यक्ष सतीश सिंगला, व्यापार मण्डल हथीन के सचिव मुकेश गुप्ता, अमित गर्ग, सुरेश मित्तल, महेश गुप्ता, ललित गोयल, वरुण गर्ग, आदि मौजूद रहे।

# बाल अधिकार संरक्षण पर किया शिविर व बैंच का आयोजन



**राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने सुनी समस्याएं व विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों को किया अवलोकन**

**बैंच के सामने रखी करीब 180 शिकायते, अधिकतर का किया समाधान : प्रीति भारद्वाज**

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की खंडपीठ के द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीन में शिविर व बैंच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल ने शिविर का शुभारंभ करने के पश्चात वहां पर विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों को अवलोकन भी किया। शिविर में दिव्यांग बच्चों के मेडिकल व यूडीआईडी सर्टिफिकेट बनाए गए। इस मौके पर हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राणा, अनिल लाठर, गणेश कुमार, सलाहकार शशिकांत सिंह, दिनेश शर्मा तथा राष्ट्रीय बाल सरंक्षण आयोग की सलाहकार दामनी शर्मा, श्वाती प्रिया व समरेन्द्र वत्स भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट द्विजा, एसडीएम हथीन, सिविल सर्जन डॉ. नरेश गर्ग, डिप्टी सीएमओ रामेश्वरी, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नुपूर दलाल, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर, जिला कल्याण अधिकारी कंवरपाल, बाल संरक्षण अधिकारी जाहुल खान, सीता इंदीवर, बाल कल्याण समिति पलवल के सदस्य रणबीर सिंह, महेन्द्र सिंह देशवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल ने बताया कि बैंच के सामने करीब 180 शिकायते रखी गई। जिन्हें गम्भीरतापूर्वक सुना गया और उनका मौके पर हल करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि अधिकतर शिकायतें विकांलता से संबंधित थी। उन्होंने कहा कि हथीन क्षेत्र की महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कम है जिसकी वजह से जन्म लेने वाले बच्चों में विकलांगता के लक्षण देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे विकलांग है, उनके प्रति संवेदना जरूरी है। ऐसे बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोडना़ जरूरी है। दलाल ने कहा कि आयोग द्वारा कैंप के माध्यम से विकलांग बच्चों को उनके अधिकार प्रदान करवाएं जा रहें है। उन्होंने कहा कि अधिकतर लोगों को विकलांगता संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं रहती जिसकी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। आयोग द्वारा पहल की जा रही है कि विकलांग बच्चों को प्रतिशत के अनुसार उनके सर्टिफिकेट यूडीआईडी कार्ड बनाए जाए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि पॉक्सो, गुमशुदा, बाल मजदूरी, बाल भिक्षावृतति, स्कूल संबंधी किसी दस्तावेज, आधार कार्ड, स्वास्थ्य संबंधी तथा मेडिकल सर्टिफिकेट, बच्चा गोद लेने में आने वाली समस्या जैसी बच्चों से जुड़ी किसी भी तरह की शिकायत को आयोग समक्ष रख सकते हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, श्रमिक, समाज कल्याण विभाग आदि के अधिकारियों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शिविर में विकंलांग बच्चों के सर्टिफिकेट बनाए गए है। दस्तावेजों में जो कमी पाई गई उन्हें ठीक किया गया है। अनाथ बच्चों को आर्थिक मदद प्रदान करने व सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। सुश्री भारद्वाज ने कहा कि सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार बच्चों को सुविधाएं व सरक्षण सुनिश्चित हो और निर्धारित समय सीमा में संबंधित प्रकरणों का निराकरण करें। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के माध्यम से निराकरण भी किया गया साथ ही सभी अभिभावक भी सरकारी निर्देशों का पालन करें। शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के बच्चों की स्वास्थ्य जाँच की गई। दिव्यांगता प्रमाण पत्र, दिव्यांगता पेंशन और दिव्यांग संबंधी सुविधा के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग बाल विकास सेवाएं, कल्याण विभाग, मानसिक स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य योजना से संबंधित स्टॉल लगाए गए। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़,शक्ति वाहनी, जिंदगी की खुशियां फाउड़ेशन, जिला बाल संरक्षण इकाई पलवल व हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई। इस अवसर पर जिला सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग ने बताया कि विकलांग बच्चों की हर संभव मदद की जाएगी ताकि उन्हें भविष्य में किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि विकलांग लोगों को यदि कोई समस्या आती है तो वह बुधवार व वीरवार को नागरिक अस्पताल में 10 बजे से 12 बजे तक आकर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर मिली शिकायतों के संबंध में मोबाइल नम्बर 8813961477 सम्पर्क कर सकते हैं।

ट्रैफिक रूल्स तोड़ना पड़ा महंगा

# पुलिस ने जनवरी माह मे करीब एक करोड़ रुपए का चालान कर नियम तोड़ने वालों को सिखाया सबक

**ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले संभल जाए वरना खैर नहीं : एसपी डॉ. अंशु सिंगला**




**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 सितम्बर 2023 को पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला,आईपीएस के चार्ज संभालते ही पलवल पुलिस ने एसपी के निर्देशानुसार बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड हवाबाजी एवं ब्लैक फिल्म कार गाड़ी चलने वालों के साथ-साथ यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जो लगातार जारी है। जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए जनवरी 2024 मे 6964 वाहनों के चालान करते हुए 221 वाहन इंपाउंड की गई। इन वाहनों में मुख्यत 19 बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल, 11 ब्लैक फिल्म वाहन, रॉन्ग पार्किंग 363, ओवर स्पीड 544 एवं 4027 लेन चेंज वाहन शामिल है। साथ ही इन पर 95 लाख 53 हजार 600 रुपए का जुर्माना किया गया।

पुलिस कप्तान पलवल ने बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ कर हवा बाजी करने वालों को सचेत करते हुए कहा कि अभी केवल पलवल पुलिस चालान ही कर रही है संभल जाएं अन्यथा इस अपराध के लिए मुकदमा का भी प्रावधान है। इसके साथ ही पुलिस कप्तान ने बुलेट मोटर मोटरसाइकिल के साइलेंसर को मॉडिफाई करने वाले मिस्त्रीओ को भी आगाह करते हुए कहा है कि वह किसी भी प्रकार के साइलेंसर में मॉडिफिकेशन ना करें अन्यथा उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला ने बताया कि बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल एवं ब्लैक फिल्म कार गाड़ी के संबंध में आप नंबर नोट करे या फोटो खींचकर यातायात थाना प्रबंधक के मोबाइल नंबर 8930202034 अथवा सम्बंधित थाना प्रबंधक के मोबाइल पर सीधा भेज सकते है ताकि उन पर नकेल कसी जा सके। सुचना भेजने वाले कि पहचान गुप्त रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला ने जिला की आम जनता से अपील की है कि यातायात नियमों की पूरी तरह से पालना करें तथा अपने व औरों के जीवन को बचाएं, शराब का सेवन कर कभी वाहन ना चलाएं।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का धरना जारी





**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 331वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता नरेंद्र शास्त्री ने की। उन्होंने कहा कि सरकार से कट बनाने का आश्वासन मिल चुका है लेकिन धरातल पर कार्य शुरू नहीं हो सका है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि कंपकपाती सर्दी के बीच ग्रामीण धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की पीड़ा को अनदेखा कर रही है। जबकि केंद्रीय सडक़एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर से मंच के माध्यम से यहां पर कट देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर सतपाल, हरिऔम, बेड़ा सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह, कृष्ण सिंह, सूबे सिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।


## 2 मार्च को होगा श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना मंडी में आगामी 2 मार्च को 10वें श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। श्रीश्याम मित्र मंडल कनीना की ओर फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष षष्ठी तिथि को आयोजित होने वाले इस समारोह में महिला गायक कलाकार मोना मेहता,अपर्णा मिश्रा के अलावा अनंत मिश्रा, विकास जांगड़ा धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। रात्री आठ बजे से प्रारंभ होने वाले इस समारोह को लेकर सभी जरूरी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# पीपीपी योजना से सरकार के रिकार्ड में बढ़े बीपीएल कार्डधारक

अलग पीपीपी के चलते अधिकांश मध्यम दर्जे के परिवारों में बने दो-दो बीपीएल कार्ड



Government of Haryana/हरियाणा सरकार
Directorate of Food, Civil Supplies and Consumer Affairs.
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय

सेवा में

सभी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक,
(हरियाणा राज्य में)

यादि क्रमांक एफ.जी.2-2024/1562

दिनांक 01/02/24

विषय:- Module under Fair Price Shop login to report/raise the incurrect ration cards.

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में।

[illegible]

उप निदेशक (पी०डी०एस०)
कृते: निदेशक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा।

[illegible]

1 सचिव, नागरिक संसाधन सूचना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़
2 श्री आशिष संयुक्त, निदेशक आई०टी० एन०आई०सी हरियाणा चण्डीगढ़।
3 श्री विपुल गोसाई, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, एन०आई०सी हरियाणा चण्डीगढ़।
4 कम्प्यूटर शाखा मुख्यालय।

उप निदेशक (पी०डी०एस०)
कृते: निदेशक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा।

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सरकारी तंत्र की खामी कहें या ऑनलाईन सिस्टम की देन। जिसके चलते प्रदेश में बीपीएल कार्ड धारकों की संख्या लगातार बढती जा रही है। इसके पीछे सरकार डाल-डाल तो उपभोक्ता पात-पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। सरकारी तंत्र आनलॉइन माध्यम से पीपीपी में सालाना आय 1.80 लाख देखता है। उसमें कितने सद्स्य हैं,भौतिक सत्यापन क्या है,वाहनों की स्थिति क्या है, सरकारी नौकरी में कितने सद्स्य हैं, कृषि योज्य भूमि कितनी है ऐसे प्रश्र दबे रह जाते हैं। जिसके चलते एक ही परिवार के लोग पीपीपी में 1.80 लाख आमदनी से नीचे दर्शाकर अलग-अलग राशन कार्ड बनवाने में कामयाब हो जाते हैं। इतना ही नहीं अविवाहित लड़कियों के भी राशन कार्ड देखने में आ रहे हैं। जबकि उनके परिवार में सरकारी नौकरी तथा भू-मालिक हैं। सरकार चुनावी वर्ष में जुटी हुई है। जिससे गरीबों के नाम पर जारी होने वाले राशन पर अमीरों द्वारा कुंडली मारी जा रही है। अत्यधिक राशन कार्ड बनने से डिपूधारकों के सामने एलोकेशन के मुताबिक राशन उपलब्ध नहीं होने की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते प्रत्येक गांव में करीब 10-20 फीसदी लोग राशन से वंचित रह रहे हैं। क्षेत्र के सामाजिक संगठनों व प्रबुधजनों ने कहा कि इस बारे में शासन-प्रशासन भी अवगत है। गरीबों के राशन पर अमीर लोग मौज कर रहे हैं। इस बारे में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नारनौल ने बताया कि डायरेक्टर फूड सप्लाई चंडीगढ की ओर से हाल ही में जारी किए पत्र क्रमांक एफजी 2-2 024,1562 के माध्यम से बीपीएल तथा एएवाई राशन कार्ड का सत्यापन स्थानीय समिति की ओर से सत्यापन किया गया था जिसकी वास्तविक आय 1.80 लाख से अधिक है ओर उनका बीपीएल राशन कार्ड बन गया जबकि पात्र परिवार लाभ से वंचित हो गए। इस प्रकार के संसोधन क्रिड के दिशा-निर्देशन में फूड सप्लाई व डिपू धारक कर सकेगें।

सिटी 24 न्यूज

सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# भौतिक निर्माण से पहले व्यक्ति निर्माण आवश्यक : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**पंचकूला में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित नैतिकता शिविर में बोले मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों में नैतिकता के भाव को आत्मसात करने के लिए की गई है मिशन कर्मयोगी की पहल**

**हमारी विचारधारा में नैतिकता सर्वोपरि : मुख्यमंत्री**

**कर्मयोगी प्रशिक्षण मॉडयूल को हिपा अपने पाठयक्रम में करे उपयोग**





सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज में व्यक्ति निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भौतिक निर्माण से पहले व्यक्ति निर्माण आवश्यक है। एक बार व्यक्ति का निर्माण हो गया तो भौतिक निर्माण अपने आप हो जाएगा। व्यक्ति निर्माण पर सरकारों का ध्यान जाएगा पहले किसी ने सोचा नहीं था।

मनोहर लाल आज पंचकूला में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित नैतिकता शिविर (एथिक्स कॉन्कलेव) में उपस्थित भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और हरियाणा सिविल सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सुशासन में नैतिकता के भाव को आत्मसात करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए मिशन कर्मयोगी की शुरूआत की है। अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि व्यवस्थाओं में जनता का विश्वास बढे। उन्होंने कहा कि लोगों में अविश्वास की भावना को खत्म करना एक चुनौती है परंतु अधिकारी अपनी सोच और कार्यशैली में बदलाव लाकर जनता की अकांक्षाओं पर खरा उतर सकते हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों में संकल्प, ताकत व मनोबल के साथ समाज सेवा के भाव को जागृत करने के लिए मिशन कर्मयोगी की शुरूआत की गई है। अधिकारी व कर्मचारी असल कर्मयोगी बनते हुए समाज को अपना सर्वश्रेठ देगें तो उन्हें आतमिक संतोष की प्राप्ति होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में जब उन्होंने सत्ता की बागडोर संभाली तब शासन और अधिकारियों/कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर उनके मन में कई तरह के प्रश्न थे। शासन में अच्छे प्रवृति के लोग भी बहुत हैं। परन्तु बदलाव की आवश्यकता को देखते हुए हमनें 25 दिसंबर 2015 को प्रथम सुशासन दिवस पर व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में अनेक पहल की शुरूआत की। पिछले लगभग साढे 9 सालों में हमने सुशासन की दिशा में अनेक सफल कार्य किए हैं। परन्तु अभी भी बहुत कुछ करना शेष है और इसके लिए आप सभी का सहयोग अति आवश्यक है।

**हमारी विचारधारा में नैतिकता सर्वोपरि मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में जनसेवा का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और वे स्वयं उस विचारधारा से आते हैं जहां नैतिकता सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पहल करते हुए सर्वप्रथम राजनेताओं की छवि सुधारने का कार्य किया। उन्हें गर्व है कि प्रधानमंत्री ने न केवल इसका स्वयं पालन किया बल्कि अपनी पूरी टीम में भी नैतिकता की भावना को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री ने एक बार कहा था कि वे दिल्ली से एक रूपया भेजते हैं तो केवल 15 पैसे ही नीचे पहुंच पाते हैं बाकि इधर-उधर हो जाते हैं। परन्तु आज सरकार द्वारा भेजा गया एक-एक पैसा विकास के कार्यों पर खर्च हो रहा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकार बनते ही उन्होंने सर्वप्रथम सभी भेदभाव को खत्म किया और हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना से प्रदेश का समान विकास सुनिश्चित किया। पूर्ववर्ती सरकारों का जिक्र करते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि पहले के मुख्यमंत्री अपने-अपने जिलों के विकास पर ही केन्द्रित रहते थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों और कानून के विरूद्ध कार्य करने वालों को बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने सात 'एस' शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सुशासन व सेवा के लक्ष्य पर कार्य करते हुए प्रदेशवासियों के जीवन को सुगम बनाया है। सभी अधिकारी इन सात 'एस' को साकार करने की दिशा में कार्य करेगें तो समाज सुखी होगा। उन्होंने कहा कि हमनें तीन 'सी' क्राइम, करप्शन और कास्ट बेस्ड पॉलिटिक्स को खत्म करने के सफल प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि आज हम सब नैतिक हैं यह मानकर चलें और अनैतिक ना हों इसके लिए मिशन कर्मयोगी चलाया गया है। 2 लाख से अधिक कर्मचारी व अधिकारी का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है और 31 मार्च 2024 तक साढे 3 लाख कर्मचारी कर्मयोगी का प्रशिक्षण प्राप्त कर लेंगे

मुख्यमंत्री ने हिपा की महानिदेशक श्रीमति चंद्रलेखा बैनर्जी से आग्रह किया कि मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत कर्मचारियों व अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण मॉडयूल को हिपा के पाठयक्रम में उपयोग किया जाना चाहिए।

**सुधांशु महाराज ने मुख्यमंत्री को बताया कर्मयोगी, बोले उनकी सादगी व अपनेपन से हैं काफी खुश और प्रभावित**

इससे पहले सुधांशु जी महाराज ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल को कर्मयोगी बताते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री की सादगी व अपनेपन से काफी खुश और प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि वे राजनेताओं से कम मिलते हैं परन्तु मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल नेता कम अपने ज्यादा लगते हैं। उन्होंने अधिकारियों से आह्वान किया कि अपने स्वभाव में कर्मयोग लाएं तभी जीवन कर्मयोगी बनता है। उन्होंने कहा कि आज अधिकारियों के पास ऐसा समय है जिसका उपयोग करते हुए ऐसा इतिहास लिखें कि आने वाली पीढिया उनकी मिसाल दे सकें।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने कहा कि उन्हें गर्व है कि हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है जहां हर कर्मचारी व अधिकारी को नैतिकता के विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों के कौशल और दक्षता विकास के साथ-साथ समाज के प्रति उनकी जवाबदेही को बढाना है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यों और निर्णयों के प्रति हमारी जवाबदेही होनी चाहिए। हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि हम जो कार्य कर रहें है या निर्णय ले रहें हैं उसका आम जनता पर क्या प्रभाव पडेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी. उमाशंकर, हिपा की महानिदेशक श्रीमति चंद्रलेखा बैनर्जी सहित प्रदेशभर से आए हुए सिविल और पुलिस सेवा के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## 800 मेगावाट यूनिट की क्षमता के नये लगने वाले दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट यमुनानगर का कार्य जल्द होगा शुरू : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को 6900 करोड़ रुपये में अलॉट हुआ टेंडर**

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीजीसीएल) बैठक में दी गई अनुमति**

**बीएचईएल इस कार्य को 57 महीने की समयावधि में करेगी पूरा**



सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में कल देर सायं हुई हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीजीसीएल) की बैठक में 800 मेगावाट यूनिट की क्षमता का नये लगने वाले दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर को बनाने के लिए टेंडर का कार्य भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को 6900 करोड रूपये में देने की अनुमति प्रदान की गई। बीएचईएल इस कार्य को 57 महीने की समयावधि में पूरा करेगी। बैठक में बिजली मंत्री रणजीत सिंह भी मौजूद रहे। इस प्लांट में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट लगेगी जबकि अभी तक सब- क्रिटिकल यूनिट लगे हुए है। यह पहले लगे यूनिट से 8 प्रतिशत ज्यादा क्षमता के है। इसमे कोयले की खपत कम होगी और बिजली सस्ती बनेगी। इस परियोजना से हरियाणा के नागरिकों के लिए निर्बाध बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। साथ ही प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए सभी उपकरण लगाने का प्रावधान किया गया है। बैठक में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के चेयरमेन पीके दास, हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मोहम्मद शाइन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हत्या और आत्महत्या के अलग-अलग मामलों की जांच के लिए गृह मंत्री अनिल विज ने एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए

**हिसार में मकान पर कब्जा करने व तोड़फोड़ मामले में भी गृह मंत्री अनिल विज ने एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए**

**गृह मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना**



सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने हत्या और आत्महत्या के अलग-अलग मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इसी तरह, उन्होंने हिसार में जमीन पर कब्जा कर व तोड़फोड़ करने के मामले में भी हिसार रेंज के आईजी को एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। श्री विज मंगलवार को अम्बाला छावनी स्थित अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। चंडीगढ़ से आए भाई-बहन ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उनके पिता ने कुछ समय पूर्व रेलवे लाइन पर सुसाइड कर लिया था और जीआरपी चंडीगढ़ थाने में केस भी दर्ज किया गया था। पिता की मृत्यु के कुछ दिनों पश्चात उन्हें सुसाइड नोट मिला जिस पर लिखा था कि कुछ लोगों के दबाव में आकर वह सुसाइड कर रहे हैं। उनका आरोप था कि जीआरपी को शिकायत देने के बावजूद भी पुलिस ने मामले में अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। गृह मंत्री ने जीआरपी आईजी को इस मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।

वहीं, पानीपत से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को उसके बेटे की हत्या मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी। फरियादी ने बताया कि उसके बेटे की रात को सोते समय करंट देकर हत्या कर दी गई थी और साजिश के तहत किसी अन्य को फंसाने की कोशिश की गई। आरोप था कि अब तक किसी भी आरोपी को पुलिस द्वारा पकड़ा नहीं गया है। गृह मंत्री अनिल विज ने इस मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए केस की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए।

**गृह मंत्री अनिल विज ने इन मामलों में भी गठित की एसआईटी**

गृह मंत्री अनिल विज ने हिसार निवासी फरियादी की शिकायत पर मकान पर कब्जा करने व तोड़फोड़ के मामले में भी आईजी हिसार को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, यमुनानगर निवासी युवक को विदेश भेजने के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी के मामले में भी उन्होंने कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए। फरियादी ने बताया कि उनके बेटे को रोमानिया भेजने के नाम पर एजेंट ने पौने चार लाख रुपए की ठगी उनके साथ की थी। न तो बेटे को विदेश भेजा गया और न ही उनके पैसे वापस लौटाए गए।

**अन्य मामलों में भी कार्रवाई के निर्देश दिए गृह मंत्री अनिल विज ने**

हिसार से आए फरियादी ने महिला पर उसको ब्लैकमेल कर धमकियां देने व संपतति हड़पने के आरोप लगाए, यमुनानगर निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाए, नूंह निवासी परिवार ने बच्चे की हत्या के मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी जिस पर गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी नूंह को फोन पर मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। झज्जर निवासी फरियादी ने उसके पिता की घर में घुसकर हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत दी जिस पर गृह मंत्री अनिल विज ने आईजी हिसार को मामले में जांच के निर्देश दिए। इसी प्रकार, गुरुग्राम निवासी परिवार ने उनके पड़ोसी पर मारपीट व धमकियां देने के आरोप लगाए जिस पर गृह मंत्री ने पुलिस कमिश्नर गुरूग्राम को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## हरियाणा सरकार ने नए सरकारी कर्मचारियों को चरित्र सत्यापन मानदंडों में दी ढील



सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सरकारी सेवा में पहली नियुक्ति से पहले चयनित अभ्यर्थियों के लिए चरित्र और पूर्ववृत्त सत्यापन की प्रक्रिया में बड़ी राहत दी है। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने राज्य के प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों सहित प्रबंध निदेशकों, मुख्य प्रशासकों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों और विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों को लिखे एक पत्र में कहा है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग और हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 30 जून, 2024 तक नियुक्तियों के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों को अब नियुक्ति से पहले चरित्र, पूर्ववृत्त और नियुक्ति के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों के सत्यापन के बिना अंतरिम रूप से नियुक्त किया जा सकता है।

पत्र में आगे कहा गया है कि अंतिम नियुक्ति के लिए आवश्यक चरित्र, पूर्ववृत्त और अन्य सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित सत्यापन प्रक्रिया उनकी अंतरिम नियुक्ति के दो महीने की अवधि के भीतर पूरी की जानी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट की चंडीगढ़ निगम मेयर चुनाव पर टिप्पणी, लोकतंत्र की हत्या व चुनाव के नाम पर क्रूर मजाक

**चंडीगढ़ मेयर चुनाव धांधली का जो वीडियो वायरल हुआ है, उसे मोदी-भाजपा-संघ व गोदी मीडिया में बैठे संघी भक्तों को छोडकर पूरे देश के सभी लोकतंत्र प्रेमी नागरिकों को झंजोड़कर रख दिया : विद्रोही**

**सवाल उठता है कि जब चुनावों में जनादेश की पवित्रता ही खत्म हो रही है, तब देश में लोकतंत्र बचा कहा है? : विद्रोही**



सिटी 24 न्यूज

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने चंडीगढ नगर निगम मेयर चुनाव में ऑन कैमरा हुई धांधली सुप्रीम कोर्ट में उजागर होने पर देशभर के मतदाताओं से आग्रह किया कि अब वे स्वयं अनुमान लगा ले कि देश में विभिन्न चुनावों में भाजपा कैसे जीत रही है। विद्रोही ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव का वीडियो देखने के बाद यह टिप्पणी की कि यह लोकतंत्र की हत्या व चुनाव के नाम पर क्रूर मजाक है। इस टिप्पणी ने मोदी-भाजपा-संघ का फासिस्ट चेहरा बेनकाब कर दिया है। जो भाजपा चंडीगढ़ जैसे शहर के नगर निगम मेयर चुनाव को जीतने सत्ता बल पर इस तरह की खुली बेशर्मी व धांधली कर सकती है, तब सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव जीतने के लिए मोदी-भाजपा-संघ किस कदर धांधली करते होंगे। सवाल उठता है कि जब चुनावों में जनादेश की पवित्रता ही खत्म हो रही है, तब देश में लोकतंत्र बचा कहा है?

विद्रोही ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में खुली धांधली पर चुनाव आयोग को जो संज्ञान लेकर इस चुनाव को रद्द करना चाहिए था, वह संज्ञान न तो पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने लिया और न ही चंडीगढ़ चुनाव आयोग ने लिया। जब सुप्रीम कोर्ट पूरा वीडियो देखकर कैसे खुली धांधली हुई, यह देख सकता है तो हाईकोर्ट व चुनाव आयोग, चंडीगढ़ प्रशासक, केन्द्रीय मोदी-भाजपा सरकार व गृह मंत्रालय ने इस खुली धांधली पर आंखे क्यों मूंदी रखी? सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद पर पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा उचित आदेश न देने पर चिंता जताई जो बताता है कि आज के जज कानून, संविधान की लाईन टो करके निष्पक्ष-स्वतंत्र निर्णय देने की बजाय भाजपा-संघ की लाईन टो करके संघीयों को लाभ पहुंचाने वाले निर्णय देकर अपने जज पद के प्रति अन्याय करके प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष लोकतंत्र, संविधान की हत्या के षडयंत्र में शमिल हो रहे है जो भी बड़ी चिंता का विषय है।

विद्रोही ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव धांधली का जो वीडियो वायरल हुआ है, उसे मोदी-भाजपा-संघ व गोदी मीडिया में बैठे संघी भक्तों को छोडकर पूरे देश के सभी लोकतंत्र प्रेमी नागरिकों को झंजोड़कर रख दिया है। उससे विपक्ष द्वारा ईवीएम पर उठाये जा रहे सवालों का औचित्य भी सिद्ध होता है। जब एक शहर का चुनाव जीतने मोदी-भाजपा-संघ इस निम्नस्तर तक गिर सकते है तब यह बताना भी बेमानी है कि देश व राज्यों की सत्ता पर अवैध कब्जा करने के लिए वे किस कदर तक गिरकर धांधली करके लोकतंत्र, चुनाव, जनादेश व संविधान की हत्या करते होंगे। विद्रोही ने कहा कि अब भी देश के 94 करोड़े मतदाताओं की आंखे नही खुली और उन्होंने मोदी-भाजपा-संघ के खिलाफ कड़ा स्टैंड नही लिया तो भारत में लोकतंत्र की हत्या होना व संघी फासीजम का आना तय है।

## चुनाव आयोग के द्वारा फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को चुनाव का आइकॉन बनाया है : मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल




सिटी 24 न्यूज

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने सभी उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे लोकसभा-2024 के आम चुनावों को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में यथाशीघ्र सेक्टरल ऑफिसर / सुपरवाइजर पदनामित कर दें इसके अलावा उनको क्षेत्र की पुलिस प्रभारी के साथ तालमेल करने को भी कहा है ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान अपने निरीक्षण दौरे में उन्हें पोलिंग स्टेशन पहुँचने में रूट की दिक्कत ना आये।

श्री अग्रवाल कल देर सांय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किये गए भारत के चुनाव आयोग के इलेक्शन प्लानर के अनुरूप अपने-अपने जिलों का डिसट्रिक्ट इलेक्शन प्लानर तैयार करें। सभी जिला चुनाव अधिकारी कम से कम 15 दिनों में एक बार तथा निर्वाचक पंजीयन अधिकारी सप्ताह में एक बार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य की राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें तथा समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जितने भी फॉर्म लंबित हैं उनका निपटान शीघ्र अति शीघ्र करें।

श्री अग्रवाल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए कुल मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का लक्ष्य लेकर हमें आगे बढ़ना होगा। आयोग का ध्येय है कि 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद कोई भी पात्र वोटर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाए बिना न रहे और न ही मतदान करने के लिए छूटे।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को चुनाव का आइकॉन बनाया है। जिला स्तर पर भी निर्वाचन अधिकारियों को नवाचार, मस्कट व आईकॉन बनाने की ओर ध्यान देना होगा, परंतु इस बात का ध्यान रखें कि वह व्यक्ति गैर-राजनैतिक हो। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस बार लोकसभा चुनाव में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान हो।

इस लक्ष्य को लेकर सभी को कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने जिलों में 1950 हेल्पलाइन नम्बर संचालित करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हेमा शर्मा, संयुक्त निर्वाचन अधिकारी श्री अपूर्व तथा राजकुमार भी उपस्थित थे।